डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 95 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार, 14 मार्च 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

# राजस्थान दिवस पर भगवा रंग और हिंदुत्व की राजनीति: भजनलाल शर्मा की घोषणाओं के सियासी मायने

जयपुर | राजस्थान में 41 दिनों से चल रहे बजट सत्र में राजनीति के सभी रंग देखने को मिले। बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एप्रोप्रिएशन बिल पर चर्चा के दौरान एक और मिनी बजट पेश किया। इसके जरिए उन्होंने विपक्ष पर लाल-पीले-हरे-नीले रंग के गुलाल गोले छोड़े और कई लोकलुभावन घोषणाओं की बौछार कर दी। हालांकि, सबसे बड़ी राजनीतिक घोषणा राजस्थान दिवस को हिंदू नववर्ष पर मनाने की रही, जिसका हिंदुत्व और आरएसएस की राजनीति से गहरा संबंध है। राजस्थान दिवस की तिथि में बदलाव: हिंदुत्व का बढ़ता प्रभाव? अब तक राजस्थान दिवस हर साल 30 मार्च को मनाया जाता था, लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसे हिंदू नववर्ष (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) पर मनाने की घोषणा कर दी।

यह बदलाव सिर्फ एक परंपरा में बदलाव नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक मायने हैं: RSS की पुरानी मांग पूरी हुई, जो लंबे समय से यह बदलाव चाह रहा था। भाजपा के कोर वोटर्स (हिंदुत्व समर्थकों) को यह फैसला रास आएगा। अन्य राजनीतिक दलों के लिए इस निर्णय को बदलना मुश्किल होगा, जिससे भाजपा की हिंदुत्व की पकड़ मजबूत होगी। राजस्थान दिवस अब हर साल हिंदू नववर्ष के अनुसार बदलता रहेगा, जिससे धार्मिक रंग और ज्यादा गहरा होगा। राजनीति में रंगों का खेल और मुख्यमंत्री की रणनीति राजस्थान की राजनीति में रंगों का गहरा असर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को नीले रंग का कुर्ता पहनकर आए, जो स्थिरता, गहराई और शांति का प्रतीक माना जाता है। उनकी नई घोषणाओं में युवाओं के लिए रोजगार और किसानों के लिए राहत शामिल थी, जिससे स्थिरता और विश्वास का संकेत देने की कोशिश की गई। युवाओं के लिए बड़ी घोषणाएं: 26,000 नई भर्तियां करने का ऐलान। बेरोजगारी भत्ते की जगह इंटर्नशिप का विकल्प और भुगतान में वृद्धि। किसानों के लिए राहत: CNG और PNG पर VAT घटाकर 7.5% कर दिया गया, जिससे गैस सस्ती होगी। ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए विशेष पैकेज। क्या यह बजट जमीन पर उतरेगा? राजस्थान सरकार की आर्थिक स्थिति अभी कर्ज पर निर्भर है। सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों के बाद विकास कार्यों के लिए सीमित बजट बचता है।

ऐसे में, ये लोकलुभावन घोषणाएं कितनी हकीकत में बदलेंगी, यह आने वाला वक्त बताएगा। सरकार ने अब तक 82% पुरानी घोषणाओं के पूरे होने का दावा किया है, लेकिन अभी भी कई वादे अधूरे हैं। बजट में कई घोषणाएं ऐसी हैं, जिन्हें पूरा करने में समय और संसाधनों की चुनौती होगी। भाजपा सरकार कांग्रेस की पुरानी रणनीति अपनाते हुए लगातार



घोषणाएं कर रही है, जिससे वह जनता को यह संदेश देना चाहती है कि वह कांग्रेस से पीछे नहीं है। बजट सत्र में विपक्ष और सरकार की रणनीति बजट सत्र के दौरान कांग्रेस और भाजपा के बीच सियासी घमासान जारी रहा। भाजपा सरकार ने विपक्ष पर जमकर हमले किए, और विपक्ष ने भी बीच-बीच में तंज के गुब्बारे फोड़े। विधानसभा अध्यक्ष का रोना और राज्यपाल के भाषण पर नेता प्रतिपक्ष का विरोध जैसी घटनाएं पहली बार देखी गईं। कांग्रेस, जो पहले कमजोर नजर आ रही थी, अब विपक्ष में मजबूती से उभर रही है। अब बजट पास हो चुका है, और होली के त्योहार के बाद सभी राजनीतिक दल अपनी रणनीतियों को नए सिरे से गढ़ने में जुट जाएंगे।

## राजस्थान में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट



राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के साथ ही बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया। गुरुवार दोपहर बाद जयपुर, सीकर, भरतपुर, दौसा, अलवर बीकानेर, चूरू के एरिया में कई जगह बारिश हुई।

चौमूं (जयपुर), कोटपूतली-बहरोड़, बानसूर सहित कई एरिया में ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने आज भी राज्य के 8 जिलों में, जबकि 15 मार्च को 11 जिलों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

**3 डिग्री तक गिरा तापमान**

सीकर में सबसे ज्यादा 8MM बरसात दर्ज हुई, जबकि अलवर में 2.4MM पानी गिरा। बीकानेर, चूरू, भरतपुर और जयपुर शहरी इलाकों में गुरुवार दोपहर बाद बारिश हुई।

मौसम में आए इस बदलाव से कई शहरों का तापमान 1 से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। कल सभी शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

सबसे ज्यादा तापमान कल चित्तौड़गढ़ में 39.7 और कोटा में 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## फागोत्सव सांगानेर 2025 में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हुए शामिल जनता में दौड़ी खुशी की लहर



जयपुर ( रॉयल पत्रिका )। सांगानेर के हरिवन रिसोर्ट केसर चौराहा रामपुरा रोड पर भाजपा सांगानेर मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में भाजपा परिवार सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने फागोत्सव 2025 में सांगानेर के विधायक एवं राजस्थान के जनप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में चंग धमाल व फूलों के साथ सांगानेर की जनता ने बहुत ही उत्साह पूर्वक भाग लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आत्मीय स्वागत किया। जनता में उल्लास देखते ही बन रहा था।

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सांगानेर में सीएम का पुतला दहन किया गया



जयपुर (रॉयल पत्रिका )। महिला सुरक्षा को लेकर सांगानेर में उग्र प्रदर्शन, सरकार पर लगाए लापरवाही के आरोप। सांगानेर थाने के पुल के नीचे ग्रेटर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर उग्र प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री भजनलाल का पुतला दहन किया गया। इस प्रदर्शन में महिला सुरक्षा, यौन शोषण, रेप, अत्याचार और हत्या जैसी घटनाओं पर कड़ी कार्यवाही की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर उदासीन रवैया अपनाने के आरोप लगाऐ। अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर पुलिस प्रशासन की जवाबदेही तय की जाए। अपराधियों पर तुरंत कार्यवाही की जाए। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने सवाल उठाया की अगर महिलाएं ही सुरक्षित नहीं रहेगी तो राजस्थान कैसे आगे बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार जल्द ठोस कदम नहीं उठाती है तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी ने कहा की नशा भी महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ने का एक बड़ा कारण है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि राज्य में नशे पर लगाम लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं वरना हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रदर्शनकारियों ने सांगानेर थाने की पुलिया के नीचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया इस दौरान भजनलाल पर्ची सरकार मुर्दाबाद, बीजेपी मुर्दाबाद जैसे नारे लगाएं। इस प्रदर्शन में 100 से अधिक लोग शामिल हुए। जिनमें पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशी, महिला शक्ति और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजीव चौधरी ने कहा कि राजस्थान बचाने के चक्कर में कहीं सांगानेर की हालत बदतर ना हो जाए। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और नशे की समस्या पर सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील कि सांगानेर की अनदेखी न की जाए। वरना परिणाम घातक हो सकते हैं। इस विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन में पूर्व पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी कमल वाल्मीकि,आशीष परेवा, दामोदर मीणा ,राकेश जोतड, राजू यादव, हनुमान सैनी ,घनश्याम शर्मा, दिनेश व्यास, पारस जैन, मनीष जैन एडवोकेट, दीपक डुलानी, आशा सिंघाडिया, शीला तिवारी, बंसी काका, कैलाश जोशी, समेत कई वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा कार्यकर्ता, एवं महिला कार्यकर्ता शामिल हुए।












# सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी का मिशन फिर टला

12 मार्च 2025। NASA के केनेडी स्पेस सेंटर में सारी तैयारियां हो चुकी थीं। स्पेस-एक्स के रॉकेट में 4 एस्ट्रोनॉट सवार हो चुके थे। 9 घंटे के सफर के बाद इन्हें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचना था और वहां से सुनीता विलियम्स की वापसी होनी थी, लेकिन ऐन मौके पर लॉन्चिंग रोक दी गई और 9 महीने से फंसी सुनीता की धरती पर वापसी एकबार फिर टल गई।

अमेरिकी स्पेस एजेंसी NASA ने इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ मिलकर सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को धरती पर वापस लाने का प्लान बनाया है। इसके लिए स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल का इस्तेमाल किया जाना है।

इस मिशन को 12 मार्च को फ्लोरिडा स्थित NASA के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाना था। इसमें स्पेसएक्स के रॉकेट फाल्कन 9 को अंतरिक्ष में भेजा जाता, जिसमें चार अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होते इनमें दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान के टाकुया ओनिशी (JAXA) और रूस के के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेस्कोव (रोस्कोस्मोस) शामिल हैं। ये चारों पिछले 9 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की जगह लेंगे।

स्पेस स्टेशन का हैंडओवर देने के बाद सुनीता विलियम्स और अन्य 3 साथी 16 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना होते, लेकिन अब यह मिशन 2 दिन के लिए टल गया है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के ग्राउंड क्लैम्प आर्म के साथ हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी आ गई। इसकी मदद से रॉकेट को लॉन्च पैड पर सीधा खड़ा किया जाता है और उसे टेकऑफ के लिए एनर्जी मिलती है। इस सिस्टम में खराबी की वजह से मिशन को लॉन्च के एक घंटा पहले टाल दिया गया। इसके बाद ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स समेत सभी 4 एस्ट्रोनॉट्स ड्रैगन कैप्सूल से बाहर निकले। NASA और स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'क्रू-10 मिशन के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने को रद्द कर दिया गया है।'

सुनीता की वापसी तय प्लान के मुताबिक ही होगी, सिर्फ इसमें 2 दिनों की देरी हो रही है। NASA के मुताबिक, अब फाल्कन-9 रॉकेट को अमेरिकी समयानुसार 14 मार्च की शाम 7.03 बजे लॉन्च किया जाएगा। भारत में उस समय 15 मार्च की सुबह के 4 बज रहे होंगे। NASA ने बताया कि रॉकेट अमेरिकी समयानुसार 15 मार्च को रात 11.30 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से डॉकिंग करेगा। भारत में उस समय 16 मार्च की सुबह के करीब 7 बज रहे होंगे।

इससे पहले NASA 13 मार्च को मिशन शुरू करने की तैयारी में था, लेकिन तेज हवाओं और बारिश के पूर्वानुमान की वजह से मिशन टालना पड़ा। इस दौरान टीम तकनीकी समस्या को जल्द से जल्द सुधारने का काम कर रही है।

अगर सब कुछ ठीक रहा तो सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 19 मार्च तक धरती पर वापस आ जाएंगे।

सुनीता और बुश सिर्फ 8 दिनों के लिए स्पेस में गए थे, लेकिन अब उन्हें 274 दिनों से ज्यादा समय तक रुकना पड़ रहा है। इतने लंबे समय में कई बार एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस के खतरनाक रेडिएशन, जीरो ग्रैविटी में रहने के प्रभाव जैसी समस्याएं होने का खतरा होता है। सुनीता और बुश को मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी हो सकती हैं।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेस एक्स के CEO इलॉन मस्क से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर को वापस लाने का काम सौंपा था।

ट्रम्प ने जनवरी में सोशल मीडिया पर लिखा- मैंने मस्क से उन दो 'बहादुर अंतरिक्ष यात्रियों' को वापस लाने को कहा है। इन्हें बाइडेन प्रशासन ने अंतरिक्ष में छोड़ दिया है। वे अंतरिक्ष स्टेशन पर कई महीनों से इंतजार कर रहे हैं। मस्क जल्द ही इस काम में लग जाएंगे। उम्मीद है कि सभी सुरक्षित होंगे।

इसके बाद 12 फरवरी को अमेरिकी स्पेस एजेंसी NASA ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट शेयर करते हुए सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को धरती पर वापस लाने का ऐलान किया। NASA ने लिखा, इस मिशन के लिए पुराना स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल का इस्तेमाल किया जाएगा।

एक्सपर्ट्स का कहना है, 'इलॉन मस्क ने राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश के फौरन बाद ही इस मिशन पर काम शुरू कर दिया था। इसके लिए पहले नए कैप्सूल को बनाने की बात हुई थी, लेकिन देरी की वजह से पुराने ड्रैगन कैप्सूल का ही इस्तेमाल करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि मस्क सुनीता को वापस लाने में नाकाम साबित हो रहे हैं, क्योंकि इस मिशन में देरी की वजह तकनीकी दिक्कतें हैं।'

ISS से धरती की दूरी 400 किमी है। धरती से पृथ्वी का वायुमंडल आसमान की ओर 100 किमी दूर है। ISS से धरती पर पहुंचने के लिए लगभग 3 घंटे का समय लगता है। ISS से निकलने के बाद सुनीता और बुच का स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी के वायुमंडल यानी एटमॉस्फियर में एंटर करेगा, जिसे 'रीएंट्री' कहते हैं। यह प्रोसेस सबसे ज्यादा खतरनाक और जानलेवा साबित हो सकता है...

9 महीने बाद अंतरिक्ष से वापस धरती पर आने के बाद सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है...

1. धरती पर चलना भूल जाना

1 मार्च 2016 को अमरीकी एस्ट्रोनॉट स्कॉट केली और रूसी एस्ट्रोनॉट मिखाइल कॉर्निएंको अंतरिक्ष में 340 दिन बिताकर धरती पर वापस लौटे। स्पेसक्राफ्ट से बाहर निकलते समय उनकी हालत काफी खराब दिखी। स्कॉट केली ने एक इंटरव्यू में बताया कि धरती पर लौटने के बाद वे ठीक से चल नहीं पा रहे थे। ऐसे में लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने की वजह से मांसपेशियां कमजोर होने लगती है क्योंकि अंतरिक्ष में ग्रैविटी नहीं होने से मांसपेशियों को काम करने की जरूरत नहीं होती। वहां एक तरह से एस्ट्रोनॉट्स उड़ते रहते हैं। हर महीने हड्डियों का घनत्व 1% कम हो जाता है। इससे खासतौर पर पैर, पीठ और गर्दन की मांसपेशियों पर इसका ज्यादा असर पड़ता है। इस वजह से एस्ट्रोनॉट्स को धरती पर वापसी के लंबे समय तक चलने फिरने में परेशानी होती है।

2. खड़े होने में परेशानी, अचानक जमीन पर गिर जाना

21 सितंबर 2006 को अमेरिकी एस्ट्रोनॉट हेडेमेरी स्टेफानीशिन-पाइपर (Heidemarie Stefanyshyn-Piper) शटर अटलांटिस मिशन के तहत 12 दिनों तक अंतरिक्ष में रहकर धरती पर वापस लौटीं थीं। उनके लिए एक स्वागत समारोह रखा गया था। जैसे ही उन्होंने मंच पर बोलना शुरू किया तो उनके पैर लड़खड़ाने लगे और वो अचानक गिर पड़ीं।

कानों और मस्तिष्क में एक वेस्टिबुलर सिस्टम (Vestibular System) होता है, जो हमारे शरीर को बैलेंस बनाए रखने में मदद करता है। अंतरिक्ष में ग्रैविटी नहीं होने के कारण यह सिस्टम सही से काम नहीं करता।

ऐसे में जब अंतरिक्ष यात्री धरती पर लौटते हैं, तो कुछ दिनों तक उन्हें खड़ा होने, संतुलन बनाने और शरीर के विभिन्न अंगों जैसे कि आंखें, हाथ, पैर के बीच कोऑर्डिनेशन बनाए रखने में समस्या आती है। यही वजह है कि एस्ट्रोनॉट्स को खड़े होने तक में परेशानी होती है।

3. चीजों को हवा में छोड़ देना

NASA के एस्ट्रोनॉट टॉम मार्शबर्न एक इंटरव्यू में अपने अंतरिक्ष यात्रा के अनुभवों को साझा कर रहे थे। तभी वो एक वाटर बोल्ट और पैन को हवा में छोड़ देते हैं। दोनों ही चीज जमीन पर गिर जाती हैं। फिर अचानक उन्हें याद आता है कि वो तो धरती पर हैं, जहां ग्रैविटी काम करती है। वो कहते हैं... स्टूपिड ग्रैविटी।

अंतरिक्ष में कई महीनों तक रहने के दौरान एस्ट्रोनॉट्स का मस्तिष्क और शरीर माइक्रोग्रैविटी के अनुकूल होने लगता है। वहां वे किसी भी चीज को हवा में छोड़ सकते हैं और वह तैरती रहती है, लेकिन धरती पर लौटने के बाद उनकी आदत बनी रहती है और वे अनजाने में चीजों को हवा में छोड़ देते हैं, यह भूलकर कि अब वे गिर जाएंगी।

4. कम दिखाई देना, अंधा होने का खतरा

कैनेडियन अंतरिक्ष यात्री क्रिस हैडफील्ड ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि अंतरिक्ष में रहने की वजह से मेरी दोनों ही आंखों में प्रॉब्लम होने लगी थी। मुझे लगा कि मैं अंधा न हो जाऊं।

स्पेस में जीरो-ग्रैविटी के कारण शरीर का तरल पदार्थ सिर की ओर बढ़ता है, जिससे आंखों के पीछे की नसों पर दबाव पड़ता है। इसे स्पेसफ्लाइट एसोसिएटेड न्यूरो-ओकुलर सिंड्रोम (SANS) कहा जाता है।

5 जून 2024 को सुनीता स्टारलाइनर नाम के स्पेसक्राफ्ट में सवार होकर स्पेस मिशन पर गई थीं। सुनीता और बुच विल्मोर बोइंग और NASA के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे। इसमें सुनीता, स्पेसक्राफ्ट की पायलट थीं। उनके साथ गए बुच विल्मोर इस मिशन के कमांडर थे। दोनों को ISS में 8 दिन रुकने के बाद वापस धरती पर आना था, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी दिक्कतों के कारण सुनीता वहीं फंस गईं।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## लोकतंत्र को वक्त मिले

क्या पड़ोसी देश नेपाल एक बार फिर किसी बड़ी उथलपुथल से गुजरने वाला है? यह सवाल इसलिए उठा क्योंकि रविवार को काठमांडू में नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के पक्ष में बड़ा प्रदर्शन हुआ। न केवल पूर्व राजा के स्वागत में एयरपोर्ट पर हजारों की भीड़ उमड़ी बल्कि राजशाही की वापसी के नारे भी लगाए गए। इसे राजा समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

पहले से थी तैयारी : खास बात यह कि इस प्रदर्शन को पूरी तरह आकस्मिक या स्वत:स्फूर्त नहीं माना जा सकता। पिछले करीब दो महीने से इसकी तैयारी की जा रही थी। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र इस दौरान राजधानी काठमांडू से दूर नेपाल के अलग-अलग हिस्सों में दर्जनों मंदिरों में गए। राजनीतिक हलकों में इसे देश के दूर-दराज के इलाकों में अपनी लोकप्रियता जांचने की उनकी मुहिम के रूप में देखा जा रहा था।

ओली के खिलाफ नारे : काठमांडू में हुए इस प्रदर्शन में लगाए जाने वाले नारे ज्यादातर तो राजा और राजशाही के समर्थन तक ही सीमित रहे, लेकिन एकाध मामलों में मौजूदा पीएम केपी ओली के खिलाफ भी नारे सुने गए। ओली पूर्व नरेश को सार्वजनिक रूप से यह चुनौती दे चुके हैं कि अगर वे सत्ता में लौटने के इतने ही इच्छुक हैं तो अपनी एक राजनीतिक पार्टी बनाकर चुनाव लड़ लें।

निशाने पर लोकतंत्र : असल में प्रदर्शन का मकसद अपने पूर्व राजा के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना भर नहीं लगता। 2006 में हुए ऐसे ही प्रदर्शनों के बाद नेपाल के तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र को सत्ता छोड़नी पड़ी थी। इसके 2 साल बाद 2008 में नेपाल धर्मनिरपेक्ष गणराज्य घोषित किया गया। ऐसे में अगर राजशाही की वापसी और हिंदुत्व को राजधर्म घोषित करने की मांग सड़कों पर हो रही है, तो साफ है कि यह टकराव आगे चलकर गंभीर रूप ले सकता है।

राजनीतिक अस्थिरता : इसमें दो राय नहीं कि 2008 में गणराज्य घोषित होने के बाद से लोकतंत्र की राह पर नेपाल की यात्रा बाधाओं से भरी रही है। राजनीतिक स्थिरता नहीं कायम की जा सकी। 17 वर्षों की इस अवधि में वहां 13 सरकारें बन चुकी हैं। लेकिन किसी भी देश में लोकतांत्रिक चेतना विकसित होने में वक्त लगता है। सत्ता के लिए राजनीतिक दलों का आपस में झगड़ना किसी भी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक बात है। इसका मतलब यह नहीं माना जा सकता कि लोकतंत्र के अपहरण की स्थिति बनने पर भी वे एक नहीं होंगे।

## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित

दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

## हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो




संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## सारा संसार



भारत के प्रसिद्ध गणेश मंदिर में से एक गणपतिपुले मंदिर महाराष्ट्र राज्य में रत्नागिरी की एक चोटी पर स्थित है। यहां गणेशजी की मूर्ति पूर्व की बजाय पश्चिम की ओर है जिस कारण फरवरी और नवंबर के महीनों में सूरज की रोशनी सीधे गणेश जी की मूर्ति पर पड़ती है। स्थानीय लोगों का यह भी मानना है कि भगवान गणेश की मूर्ति को किसी ने नहीं रखा है, बल्कि स्वयं प्रकट हुई थी।

पर्व

सुरेश हिन्दुस्थानी



## होली के संदेश को समझें

भारत भूमि के संस्कार ऐसी अनमोल विरासत है, जो सदियों से एक परंपरा के रूप में प्रचलित है। जो समाज में ऐक्य भाव की स्थापना करने का मार्ग प्रशस्त करता है। वर्तमान में जहां परिवार टूट रहे हैं, वहीं समाज में अलगाव की भावना भी विकसित होती जा रही है। इस भाव को समाप्त करने के लिए हमारे त्योहार पथ प्रदर्शक बनकर आते हैं, लेकिन विसंगति यह है कि हम इन त्योहारों को भूलते जा रहे हैं। त्योहार की परिपाटी को हमने अपनी सुविधा के अनुसार बदल दिया है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि हम अपनी जड़ों से या तो कट चुके हैं या फिर कटने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जो व्यक्ति या समाज अपनी जड़ों से कट जाता है निश्चित ही पतन की ओर ही जाता है। त्योहार हम सभी को जड़ों से जुड़े रहने का संदेश देते हैं। होली के त्योहार को पूरा देश मनाता है। इसका सांस्कृतिक आधार देखा जाए तो यह परस्पर मनमुटाव को समाप्त करने का एक माध्यम है। रंगों का पर्व होली सामंजस्य को बढ़ावा देता है। जिस प्रकार से होली के अवसर पर सभी रंग आपस में घुल मिल जाते हैं, उसी प्रकार व्यक्तियों के मिलने की भी कल्पना की गई है। होली पर दुश्मनों के भी भाव बदल जाते हैं, और सारे देश में दोस्ती का वातावरण निर्मित होता दिखाई देता है। वर्तमान में होली के बारे में हम कहते हैं कि पहले जैसी होली अब नहीं होती। यह सत्य है कि इसमें परिवर्तन आया है, लेकिन क्या हमने सोचा कि ऐसा परिवर्तन आने के पीछे कारण क्या हैं। वास्तव में इसके लिए हम ही दोषी हैं। पांच दिन के इस त्योहार की मस्ती को हमने समेट कर रख दिया है और मात्र एक या दो घंटे में पूरा त्योहार मना लिया जाता है। ऐसे में मात्र एक घंटे में होली का वह भाईचारे वाला स्वरूप कैसे दिखाई देगा। हम व्यक्ति केंद्रित होकर त्योहार मनाते हैं, जबकि भारतीय त्योहार का स्वरूप व्यक्ति केंद्रित न होकर समाज केंद्रित है। होली के त्योहार को इसी रूप में मनाएंगे तब ही हमें वही होली दिखेगी, जो वास्तविक है। वर्तमान में होली पर कई लोग दुश्मनी मिटाना तो दूर, दुश्मनी पालने की कवायद करते दिखाई देते हैं। पिछले कई वर्षों से होली पर लड़ाई झगड़े होते दिखाई देते हैं। इससे सवाल यह उठता है कि क्या हम होली को वास्तविक अर्थों में मनाने का मन बना पा रहे हैं। अगर नहीं तो तो हमें यह कहने का भी अधिकार भी नहीं है कि होली का स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा। पौराणिक मान्यताओं के आधार पर होली के पावन पर्व का निष्कर्ष निकाला जाए तो यही परिलक्षित होता है कि जिसके मन में विकार होता है, उसे समाप्त करने का होली का त्योहार सबसे अच्छा अवसर है, अगर हमने अपने अंदर पैदा हुए विकार को समाप्त करने का प्रयास नहीं किया तो भगवान उस विकार को समाप्त करने का काम कर देंगे। हम जानते हैं कि भगवान नरसिंह ने राक्षस हिरणयकश्यप को इसलिए मार दिया कि उसके अंदर कई विकार समाहित हो गए थे। भक्त प्रहलाद ने कई बार चेताया भी, लेकिन उसने अपने अंदर के अहं को समाप्त नहीं किया। विकार को समाप्त करने का पर्व होली है। अगर होली पर हमने अपने अहं को नहीं छोड़ा तो फिर होली के मायने ही क्या है?

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## होली उत्सव



शिमला में गुरुवार को कॉलेज के छात्र होली मनाते हुए।

## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं।

*- मनोज वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### यूएन को अपडेट कर रहे



अपने कार्यकाल के पहले दिन से ही हमने संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली की मजबूती के लिए महत्वाकांक्षी सुधार एजेंडा शुरू किया। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए। हम 21वीं सदी के लिए संयुक्त राष्ट्र को अपडेट कर रहे हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### बच्चों का भविष्य ख़तरे में



85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में-पेपर लीक युवाओं के लिए 'पद्मव्यूह' बन गया है। पेपर लीक मेहनती छात्रों से उनके परिश्रम का फल छीन लेता है। यह अगली पीढ़ी को गलत संदेश देता है कि बेईमानी, मेहनत से बेहतर हो सकती है, जो अस्वीकार्य है।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### सरकार पटरी से उतर चुकी



आम इंसान की ज़िंदगी में मरना ही लिखा है। कभी ट्रेन के डिब्बे में, कभी ट्रेन की पटरी पर, कभी प्लेटफार्म के भगदड़ में तो कभी कुंभ के भगदड़ में, ट्रेन भी पटरी से उतर चुकी है और मोदी की सरकार भी।

-संजय सिंह, आप नेता

### सीखने के लिए काम करें




अमीर बनने के लिए सरल सुझाव- ऐसी संपत्ति अर्जित करें जो आय उत्पन्न करें। अपनी आय से कम खर्च करें। केवल आय पर नहीं, धन निर्माण पर ध्यान दें। वित्तीय बुद्धि बढ़ाएं। केवल पैसे के लिए नहीं, बल्कि सीखने के लिए काम करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### नासा की अध्ययन के लिए नई अंतरिक्ष दूरबीन प्रक्षेपित

नासा की नवीनतम अंतरिक्ष दूरबीन को प्रक्षेपित किया गया जो पूरे आकाश का अध्ययन करेगी। यह शुरुआत से लेकर अब तक करोड़ों आकाशगंगाओं और उनकी साझा ब्रह्मांडीय चमक (कॉस्मिक ग्लो) का व्यापक अध्ययन करेगी। स्पेसएक्स ने कैलिफोर्निया से स्फीरेक्स वेधशाला को प्रक्षेपित किया। सूर्य का अध्ययन करने के लिए सूटकेस के आकार के चार उपग्रह भी साथ में भेजे गए। कुल 48.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्फीरेक्स मिशन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि अरबों वर्षों में आकाशगंगाएं कैसे बनीं और विकसित हुईं तथा कैसे ब्रह्मांड का इतनी तेजी से विस्तार हुआ। स्फीरेक्स उन तारों के बीच बर्फीले बादलों में पानी और जीवन के अन्य तत्वों की खोज करेगा जहां नए सौर मंडल उभर रहे हैं।




'कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' के मिशन के मुख्य वैज्ञानिक जेमी बॉक ने कहा कि ब्रह्मांडीय चमक ब्रह्मांड के इतिहास में अब तक जितना भी प्रकाश उत्सर्जित हुआ है, उसे अपने अंदर समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि यह ब्रह्मांड को देखने का एक बहुत ही अलग तरीका है, जिससे वैज्ञानिकों को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि अतीत में प्रकाश के कौन से स्रोत छूट गए थे।

## ऑफ बीट

### कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ'' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे।



'आइस बाथ'' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

रॉयल पत्रिका

# पीडब्ल्यूसी बैठक 219 करोड रूपये के कार्य किये स्वीकृत




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। माननीय नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन एवं नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सर्वांगीण एवं आधारभूत विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य निरन्तर रूप से करवाये जा रहे है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में बुधवार को जेडीए के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं/कार्ये के लिए 219.00 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं/कार्यो का उद्देश्य जयपुर शहर में आधारभूत संरचना को मजबूत करना और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार करना है।

33/11 केवी जीएसएस के निर्माण हेतु नोलेज सिटी योजना के तहत ग्राम चित्तोडा फेजा में चार्जिंग फीडर तथा आंशिक विद्तीकरण कार्य हेतु 9.05 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। ट्रांसपोर्ट नगर में बस डिपो के प्रवेश में सुधार कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

पीआरएन (उत्तर) में विभिन्न आकारों की सीवर लाइनें बिछाने हेतु 70.00 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। एलसी-214 (सीबीआई/इंडुनी फाटक) पर प्रस्तावित आरओबी एवं एलसी - 67ए (सालिग्रामपुरा फाटक) पर प्रस्तावित आरओबी की जीएडी को स्वीकृति दी गई।

आलीयावास से उदयपुरा तक आरसीसी ड्रेन के निर्माण हेतु 3.27 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। रिंग रोड के पीएपी एरिया में 25 मीटर और 18 मीटर सड़क का शेष बी सडकों के कार्य हेतु 3.99 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

झालाना रोड पर बाई जी की कोठी और आस-पास के क्षेत्र में सड़क की मरम्मत और नवीनीकरण हेतु 2.31 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण हेतु 9.33 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

पीआरएन दक्षिण (जोन-02 व 3) में सीवर लाईन बिछाने के कार्य हेतु और पीआरएन उत्तर (जोन-7) में नेवटा एसटीपी के निर्माण हेतु 1.13 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बीसलपुर पाइपलाइन के लिए किए गए रोड कट्स की मरम्मत हेतु 4.11 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

अजमेर रोड से जयसिंपुरा रोड तक 200 फीट सेक्टर रोड के माध्यम से नाला निर्माण हेतु 6.00 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। न्यू सांगानेर रोड (मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से रीको आरओबी तक) पर यातायात सुधार कार्य के अंतर्गत सडक चौडाईकरण कार्य एवं निर्माण कार्य की संशोधित स्वीकृति दी गई।

जोन-4 में बीसलपुर पाइपलाइन के लिए किए गए रोड कट्स की मरम्मत हेतु 6.76 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। एपेक्स सर्किल से बालाजी ट्राई जंक्शन जगतपुरा, झोटवाडा आरओबी से खातीपुरा आरओबी तक एलिवेटेड रोड एवं ओटीएस सर्किल जेएलएन मार्ग पर फ्लाईओवर हेतु डीपीआर तैयार करने के लिए परामर्श सेवा हेतु 8.00 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-8 में सडक सुधारीकरण कार्य हेतु 13.49 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-8 में विभिन्न सेक्टर सड़कों का निर्माण एवं चौड़ाईकरण कार्य हेतु 49.68 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-6 व 7 में बीआरटीएस कॉरिडोर के नवीनीकरण एवं सी जोन बाईपास से पुरानी चूंगी तक अजमेर रोड के विकास कार्य हेतु हेतु 9.52 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जेडीए द्वारा पीआरएन दक्षिण क्षेत्र में गत दिनों स्वीकृत योजनाओं में बीटी सड़क का निर्माण कार्य हेतु 22.69 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बालावाला, लाखना से चंदलाई वाया वाटिका 200 एवं 100 फीट सेक्टर सडकों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

इन परियोजनाओ/कार्यो की स्वीकृति से जयपुर शहर की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जेडीए अपने विकासात्मक कार्यों के माध्यम से शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# होली और रमजान के साझा उत्सव से सामाजिक सौहार्द मजबूत करने का प्रयास

जाफ़र लोहांनी

मनोहरपुर,(रॉयल पत्रिका)। भारत की गंगा-जमुनी तहजीब और संस्कृति एकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आबेडकर राइट पार्टी ऑफ इण्डिया, दलित मुस्लिम एकता मंच, जन मोर्चा राजस्थान, भीम आर्मी, वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया ,अंबेडकर विचार मंच ,सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया एवं एस सी, एस टी, ओबीसी माइनॉरिटी आरक्षण अधिकार मंच के संयुक्त तत्वावधान में "सामाजिक सौहार्द और एकता संदेश, होली और रमजान के साझा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह आयोजन होटल आरको पैलेस सिन्धी कैंप जयपुर में सम्पन्न हुआ जिसमे समाज के विभिन्न वर्गों और धर्मगुरुओं ने भाग लिया।



**कार्यक्रम की मुख्य बातें:-**

हिन्द और मुस्लिम समाज के नेताओं ने एक मंच पर आकर भईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी प्रेम और शांति के प्रतीक हैं। जिन्हें सभी समुदायों को मिलकर मनाना चाहिए। यह संकल्प लिया गया की होली के दौरान मुस्लिम समाज का सम्मान रखा जाएगा और रमजान की पवित्रता को हिन्द समुदाय भी समझेगा। समाज के सभी वर्गों को धार्मिक सहिष्णुता और आपसी सम्मान बनाए रखने की अपील की गई।

इस अवसर पर विभिन्न संगटनों के प्रतिनिधियों अब्दुल लतीफ आरको, हाफिज मजूर, दशरथ सिंह हिनोनिया, मोहन बैरवा के सी. घुमरिया मेहता राम काला, वकार अहमद डॉक्टर शाहबुद्दीन, रणजीत जाटव, सगीरुद्दीन इत्यादी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि वर्तमान समय में जब सामाजिक और धार्मिक दिनाजन की प्रवृत्ति बढ़ गई है, तब ऐसे आयोजनो की आवश्यकता भी बढ़ जाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी समुदायों के बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देना है, ताकि समाज में शांति और सद्भाव बना रहे।

**जनता और प्रशासन से अपील:-**

सभी संगठनों ने आम जनता और प्रशासन से यह अपील की है कि धर्म और आस्था को विभाजन का माध्यम न बनने दें, बल्कि यह समाज को जोड़ने का कार्य करे। प्रशासन से यह भी अनुरोध है कि रमजान के अवसर पर शांति और सौहार्द बनाये रखने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाएँ।

वक्फ अमेंडमेंट बिल 2024 को मौजूदा सरकार ने पार्लियामेंट के इसी सेशन में पास करवाने में लगी है। यह बिल संविधान की धार्मिक स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन है। अगर यह बिल पास हो जाता है तो कोई हमारे कबिस्तान, मस्जिदें, दरगाहे और दूसरी वक्फ की जमीनें सुरक्षित नहीं रह सकेंगी और ना ही उनके सदुपयोग को ठीक से अंजाम दिया जा सकेगा।

विपक्ष के नेताओं पर होने वाले हमले और ईडी द्वारा अनुचित प्रताड़ित करवाया जाना बंद हो और उनकी सुरक्षा को लाज़मी किया जाना चाहिऐ।

**जारी कर्ता :-** आर्बेडकर राइट पार्टी ऑफ इण्डिया, दलित मुस्लिम एकता मंच, जन मोर्चा राजस्थान, भीम आर्मी, वेलफेयर पार्टी ऑफ इंण्डिया और अंबेडकर विचार मंच , एस डी पी आई

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने की राज्यपाल से मुलाकात



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने राज भवन पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल बागडे को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस दौरान राज्यपाल को विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित "नवाचारों का एक वर्ष" पुस्तक की प्रति भी भेंट की।

राज्यपाल बागडे ने भी विधानसभा अध्यक्ष देवनानी और राज्यसभा सांसद राठौड़ को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी।

# राजस्थान गैस ने दी सीएनजी, पीएनजी सहित सभी वर्गों के उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) सहित उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली डीपीएनजी, सीपीएनजी, आईपीएनजी प्राकृतिक गैस की दरों में कमी कर सभी वर्ग (आल सेगमेंट) के आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब राजस्थान स्टेट गैस के सीएनजी स्टेशनों पर आमनागरिकों को सीएनजी गैस 2 रु. 12 पैसे प्रति किलोग्राम सस्ती उपलब्ध होगी। नई दरें गुरुवार रात 12 बजे से लागू हो जाएगी।

सचिव माइंस एवं चेयरमेन आरएसजीएल टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को राज्य विधानसभा में वित एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए सीएनजी पीएनजी की वेट दर 10 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के उपक्रम आरएसजीएल ने गुरुवार रात 12 बजे से नई दरें लागू करने का निर्णय करते हुए आम नागरिकों को राहत प्रदान की है।

राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल द्वारा जारी नई दरों के अनुसार अब कोटा में आमनागरिकों को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस सीएनजी में 2.12 रु. प्रति किलो की राहत देते हुए अब 91 रु. 09 पैसे प्रति किलोग्राम उपलब्ध होगी। इसी तरह से घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस डीपीएनजी में 1.25 रु. की राहत देते हुए 49 रु. 35 पैसे प्रति एससीएम, व्यावसायिक पाइप्ड नेचुरल गैस सीपीएनजी में 1.50 रु. की राहत देते हुए 64 रु. 50 पैसे प्रति एससीएम, औद्योगिक पाइप्ड नेचुरल गैस आइपीएनजी में 1.41 रु. की राहत देते हुए 60 रु. 59 पैसे प्रति एससीएम की दर पर उपलब्ध कराई जाएगी।

राज्य सरकार के उपक्रम आरएसजीएल ने कोटा में गुरुवार रात 12 बजे से राहत देने का निर्णय किया है।

# जयपुर होली पर हुड़दंग मचाया तो खैर नहीं, सड़क से सोशल मीडिया तक खाकी' की कड़ी निगरानी

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर में होली और धुलंडी पर्व की धूम है। स्थानीय लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी भी रंगों के इस त्योहार का उल्लास और उमंग के साथ लुत्फ उठाते हैं। हालांकि, कई बार नशे में हुड़दंग मचाने वाले असामाजिक तत्व रंग में भंग डालने का प्रयास करते हैं। ऐसे मामलों से सकती से निपटने के लिए खाकी पूरी तरह से मुस्तैद है। राजधानी जयपुर में होली और धुलंडी पर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने और हुड़दंगियों को काबू करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। इसके साथ ही अभय कमांड सेंटर के जरिए भी खाकी के जवान राजधानी की सड़कों पर नजर बनाए हुए हैं। सोशल मीडिया पर अफवाह और भ्रामक जानकारी फैलाने वालों से भी पुलिस सख्ती से निपटेगी।



**सख्ती से निपटेगी पुलिस:-**

एडिशनल कमिश्नर (कानून-व्यवस्था) डॉ.रामेश्वर सिंह ने बताया कि रंगों के त्योहार को लेकर राजधानी जयपुर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। होली पर शराब पीकर उत्पात मचाने, सैलानियों से से छेड़छाड़ करने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने पर पुलिस सख्ती से निपटेगी। कानून व्यवस्था की पालना कराने के लिए जयपुर में 11 एएसपी, 45 एसीपी, 80 थानाधिकारी और 1500 हैड कांस्टेबल-कांस्टेबल के साथ ही आरएसी की पांच कंपनियां तैनात की गई हैं।

**ड्रोन कैमरों से भी रख रहे नजर:-**

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही पुलिस के आलाधिकारी मॉनिटरिंग के लिए लगातार गश्त कर रहे हैं। होली और धुलंडी पर कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों के माध्यम से अभय कमांड सेंटर के जरिए भी निगरानी रख रही है। संवेदनशील पॉइंट्स पर पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया है। हर छोटी-बड़ी घटना पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

**सैलानियों की सुरक्षा के भी माकूल इंतजाम:-**

डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि होली पर जयपुर में बाहर से भी बड़ी संख्या में सैलानी आते हैं। उनकी सुरक्षा के भी माकूल इंतजाम किए गए हैं। वर्दीधारी पुलिस की तैनाती के साथ ही सादा वर्दी में भी पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। पर्यटकों के साथ ही आमजन की सुरक्षा के भी माकूल इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्वों को चिह्नित करने के लिए सप्ताह भर तक सघन अभियान चलाया गया है। इसके साथ ही लपकों पर भी कार्रवाई की गई है।

**सौहार्द्र बनाए रखने की अपील:-**

डॉ.रामेश्वर सिंह ने सभी लोगों से शांति और आपसी सौहार्द्र के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने सभी समुदायों के लोगों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने की भी अपील की है। ताकि शहर में शांति कायम रहे। उन्होंने कहा कि शराब के नशे में हुड़दंग करने और माहौल खराब करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है।

**सीमावर्ती इलाकों में भी अलर्ट:-**

त्योहार के मौके पर आतंकी गतिविधियों के अलर्ट के चलते खुफिया एजेंसियों ने भी देशभर में अलर्ट जारी कर रखा है। जिसके चलते प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस के साथ ही आरपीएफ और जीआरपी ने भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस मुख्यालय भी सतर्क है। राजधानी से लेकर सुदूर सीमावर्ती इलाकों तक सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एयरपोर्ट, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा जांच की जा रही है। वहीं, होटल्स और गेस्ट हाउस में भी सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# भरतपुर विकास प्राधिकरण से सुनियोजित और योजनाबद्ध विकास को मिलेगी गति - नगरीय विकास राज्य मंत्री

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगरीय विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि भरतपुर विकास प्राधिकरण से शहर का सुनियोजित, व्यवस्थित और योजनाबद्ध विकास को तीव्र गति मिलेगी। हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि जनसंख्या की दृष्टि से भरतपुर बड़ा शहर है। गत वर्षों में शहर और नजदीकी क्षेत्र तेजी से आवासित होता जा रहा है। इसलिए अब प्राधिकरण बनाया गया है। इससे क्षेत्र में आवासन, सामुदायिक सुविधाएं और आधारभूत संरचनाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी। आमजन को उच्च गुणवत्तापूर्ण लोक सेवाएं मिलेंगी।

झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को विधानसभा में भरतपुर विकास प्राधिकरण विधेयक, 2025 पर चर्चा के बाद जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में तीव्र गति से विकास होने से रियल एस्टेट में तेजी से विनियोजन हुआ है। इसे देखते हुए बड़े शहरों में शीघ्र विकास की आवश्यकताएं महसूस हुई हैं।

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि पूर्व में नगर विकास न्यास का क्षेत्रफल 53 राजस्व गांवों (18 हजार 960.95 हैक्टेयर भूमि) तक था। अब प्राधिकरण में भरतपुर शहर, तहसील भरतपुर, कुम्हेर और रारह के 210 गांवों को सम्मिलित किया गया है। इनका क्षेत्रफल 53 हजार 205.58 हैक्टेयर है। उल्लेखनीय है कि प्राधिकरण में अध्यक्ष सहित 16 सदस्य होंगे।

खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट 2024-25 में भरतपुर विकास प्राधिकरण बनाने के लिए घोषणा की थीं। इसकी अनुपालना में अध्यादेश लाते हुए अधिसूचना जारी कर प्राधिकरण गठित किया गया है।

इससे पहले खर्रा ने विधेयक को सदन में प्रस्तुत किया। सदन में विधेयक को जनमत जानने के लिए परिचालित करने के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

# सिल्वर मेडल जीत कर राकेश निठारवाल ने अपने क्षेत्र का नाम किया रोशन

जाफ़र लोहांनी

मनोहरपुर(रॉयल पत्रिका)। अपैक्स युनिवर्सिटी, जयपुर की ओर से Mixed डबल इवैंट में राकेश निठारवाल ने जीता सिल्वर मेडल, अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुड बॉल चैंपियनशिप की मेजबानी में पारुल विश्वविद्यालय, गुजरात द्वारा 7 मार्च से 10 मार्च 2025 टूर्नामेंट आयोजन हुआ,

इस टूर्नामेंट में शाहपुरा (जयपुर) के गांव छारसा निवास राकेश निठारवाल S/O गणपत लाल निठारवाल नें भाग लिया जिसमें विजेता रहते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया, विजेता राकेश निठारवाल को सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर




Apex युनिवर्सिटी द्वार मुकेश सैनी (कोच) व सतीश पलसानिया (PTI) ने सम्मानित करते हुए दी बधाई, यह जानकारी विद्त कर्मचारी नेता सुरज्ञान निठारवाल ने देते हुए बताया कि सरपंच राधेश्याम शर्मा,कैलाश निठारवाल, फूलचंद निठारवाल, चौथमल निठारवाल, काना राम निठारवाल, रमेश निठारवाल, तेजा राम जाट, मजदूर नेता अब्दुल अजीज लोहानी आदि ने ख़ुशी जाहिर की है!

# निगम ने 498.00 लाख का लाभ अर्जित किया

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.आरूषी अजेय मलिक की अध्यक्षता में 376वीं संचालक मण्डल एवं 63वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई।

डॉ.आरूषी अजेय मलिक ने बताया कि निगम के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखे अनुमोदन किये गये। निगम को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 4635.65 लाख की प्राप्तियाँ हुईं एवं इस अवधि में 498.71 लाख का शुद्ध लाभ हुआ। संचालक मण्डल द्वारा राज्य की लघु इकाईयों को प्रोत्साहन देने एवं अनुपयोगी संपत्तियों का उपयोग निगम के लाभार्थ करने के निर्णय लिये गये। इसके साथ ही राज्य के दस्तकारों के लिए नवीन बिक्री केन्द्र प्रारंभ करने एवं हस्तशिल्प दस्तकारों को नवीन योजनाओं से लाभान्वित करने का भी निर्णय लिया गया।

सभा में प्रबंध निदेशक रीको शिवांगी स्वर्णकार, अतिरिक्त आयुक्त ब्यूरो ऑफ इनवेस्टमेंट एवं प्रमोशन सौरभ स्वामी, वरिष्ठ सहायक निदेशक, विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय रजत वर्मा, महाप्रबंधक, राजस्थान अनु जाति/जनजाति वित्त एवं विकास निगम एस. आर. चावला, संयुक्त शासन सचिव वित्त देवेन्द्र अरोड़ा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हेरिटेज निगम की ओर से अग्रवाल कॉलेज में मनाया गया विशाल फागोत्सव

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। नगर निगम हेरिटेज की ओर से बुधवार को सांगानेरी गेट स्थित अग्रवाल कॉलेज में विशाल फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव के नेतृत्व में आमजन ने जमकर फूलों की होली भी खेली। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने चंग और ढाप के साथ विशेष प्रस्तुति देकर शहरवासियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने बताया कि फागुन का महीना आते ही शहर का वातावरण रंगीन हो जाता है। छोटी काशी कहे जाने वाले जयपुर में फागुन के पूरे महीने में फाग महोत्सव की धूम रहती है। शहर के हर छोटे-बड़े मंदिरों में फाग उत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है।

**सजाई बाबा श्याम की नयनाभिराम झांकी:-**

महापौर कुसुम यादव ने बताया कि बुधवार को सांगानेरी गेट स्थित अग्रवाल कॉलेज प्रांगण में हेरिटेज निगम की ओर से विशाल फागोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम की नयनाभिराम झांकी सजाई गई और बाबा की ज्योत ली गई। इस दौरान बाबा के दरबार में छप्पन भोग का प्रसाद की झांकी भी सजाई गई। फागोत्सव की शुरुआत धार्मिक भजनों से हुई जिसमें भक्त झूमते नजर आए। फाग उत्सव में लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां पेश कर राजस्थानी संस्कृति की छटा बिखेरी। शेखावाटी के कलाकारों ने डफ और चंग की थाप पर भजनों की प्रस्तुतियां पेश की।

**रंग मत डारे रे सांवरिया...गीत पर झूमे लोग:-**

इस दौरान भजन गायकों ने रंग मत डारे रे सांवरिया....भजन गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। वहीं, चंग की थाप पर नैना नीचा कर ले श्याम से...होली खेलेंगे आपा गिरधर गोपाल से... होलिया में उड़े रे गुलाल...आदि भजन गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महापौर के साथ महिला पार्षदों ने भी फाग के गीतों पर नृत्य किया।

कार्यक्रम में महापौर कुसुम यादव, आयुक्त अरुण हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, विधायक बाल मुकुंद आचार्य, भाजपा शहर अध्यक्ष अमित गोयल, भाजपा नेता रवि नैय्यर, चंद्र मनोहर बटवाड़ा, पूर्व चेयरमैन अजय यादव, शहर मंत्री अरुण खटोड़, भाजपा महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी सहित पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रसादी ली।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सांगानेर में सीएम का पुतला दहन किया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। महिला सुरक्षा को लेकर सांगानेर में उग्र प्रदर्शन, सरकार पर लगाए लापरवाही के आरोप। सांगानेर थाने के पुल के नीचे ग्रेटर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर उग्र प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री भजनलाल का पुतला दहन किया गया। इस प्रदर्शन में महिला सुरक्षा, यौन शोषण, रेप, अत्याचार और हत्या जैसी घटनाओं पर कड़ी कार्यवाही की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर उदासीन रवैया अपनाने के आरोप लगाऐ। अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर पुलिस प्रशासन की जवाबदेही तय की जाए। अपराधियों पर तुरंत कार्यवाही की जाए। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने सवाल उठाया की अगर महिलाएं ही सुरक्षित नहीं रहेगी तो राजस्थान कैसे आगे बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार जल्द ठोस कदम नहीं उठाती है तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी ने कहा की नशा भी महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ने का एक बड़ा कारण है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि राज्य में नशे पर लगाम लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं वरना हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रदर्शनकारियों ने सांगानेर थाने की पुलिया के नीचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया इस दौरान भजनलाल पर्ची सरकार मुर्दाबाद, बीजेपी मुर्दाबाद जैसे नारे लगाएं। इस प्रदर्शन में 100 से अधिक लोग शामिल हुए। जिनमें पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशी, महिला शक्ति और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राजीव चौधरी ने कहा कि राजस्थान बचाने के चक्कर में कहीं सांगानेर की हालत बदतर ना हो जाए। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और नशे की समस्या पर सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील कि सांगानेर की अनदेखी न की जाए। वरना परिणाम घातक हो सकते हैं। इस विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन में पूर्व पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी कमल वाल्मीकि,आशीष परेवा, दामोदर मीणा ,राकेश जोतड, राजू यादव, हनुमान सैनी ,घनश्याम शर्मा, दिनेश व्यास, पारस जैन, मनीष जैन एडवोकेट, दीपक डुलानी, आशा सिंघाडिया, शीला तिवारी, बंसी काका, कैलाश जोशी, समेत कई वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा कार्यकर्ता, एवं महिला कार्यकर्ता शामिल हुए।

# होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा हेतु दरभंगा-दौराई (अजमेर)-दरभंगा स्पेशल रेलसेवा रेलसेवा का संचालन

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु दरभंगा-दौराई (अजमेर)-दरभंगा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 05273, दरभंगा-दौराई (अजमेर) स्पेशल रेलसेवा दिनांक 22.03.25 व 29.03.25 को (02 ट्रिप) दरभंगा से शनिवार को 13.15 बजे रवाना होकर अगले दिन रविवार को 22.30 बजे दौराई (अजमेर) पहॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 05274, दौराई (अजमेर)-दरभंगा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 23.03.25 व 30.03.25 को (02 ट्रिप) दौराई से रविवार को 23.45 बजे रवाना होकर मंगलवार को 06.50 बजे दरभंगा पहॅचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज, कप्तानगंज जं., गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, सीतापुर जं., शाहजहाँपुर, बदायूँ, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा , भरतपुर, बांदीकुई, जयपुर, किशनगढ व अजमेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 02 सैकण्ड एसी, 04 थर्ड एसी, 09 द्वितीय शयनयान, 03 द्वितीय साधारण श्रेणी व 02 गार्ड श्रेणी के डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगे।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु विभिन्न स्थानों से खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेने की कार्रवाई



अलवर (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त जयपुर के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत होली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेकर जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि पूर्व में मिल्क फूड ब्राण्ड घी के नमूने जांच में अवमानक पाये जाने पर केडलगंज स्थित फर्म मैसर्स कपिल कुमार सचिन कुमार घी मिल्क फूड की एजेन्सी से पैकिंग के एक-एक नमूने लेकर शेष बचे 117 लीटर घी मिल्क फूड ब्राण्ड की 900 मिली. वजनी के 104 पैकेट एवं 450 मिली. के 46 पैकेट को जब्त किया गया। इसी प्रकार नयाबास चौराहा स्थित मैसर्स नरेश मिष्ठान भण्डार से पनीर का सैम्पल, टाउन हाल के सामने स्थित मैसस पंकज सेल्स कार्पोरेशन व कालाकुआं हाउसिंग बोर्ड स्थित मुकेश स्वीटस से एक-एक घी का नमूना, मनुमार्ग स्थित मैसर्स सागर स्वीट्स से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लिए गए नमूने जांच रिपोर्ट में अवमानक पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एडीएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा जांच में खाद्य पदार्थ असुरक्षित पाये जाने पर उनके विरूद्ध सीजेएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें सजा एंव जुर्माने का प्रावधान है। इस दौरान टीम द्वारा अलवर शहर के मिठाई विक्रेताओं के कढाई के तेल की टीपीसी मीटर से जांच की गई जो जांच में सही पाया गया। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा सभी खाद्य व्यापारियों को प्रतिष्ठान पर साफ-सफाई से कार्य करने, खाद्य पदार्थों को ढक्कर रखकर बिक्री करने एवं खाद्य लाइसेंस को दुकान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। इस दौरान जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव कुमार गोयल, जयसिंह यादव एवं अशोक कुमार लखेरा मौजूद रहे।

# 15 मार्च तक जमा करें भार वाहनों का वार्षिक कर, वरना लगेगा जुर्माना

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला परिवहन अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा ने बताया कि जिले में भार वाहनों के लिए वर्ष 2025-26 के वार्षिक कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिन वाहन स्वामियों का वार्षिक कर देय है, व समय पर कर भुगतान करें ताकि अतिरिक्त शास्ति से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि 15 मार्च के बाद कर जमा करने पर 1.5 प्रतिशत की शास्ति लगेगी, जबकि 31 मार्च के बाद यह दर 3 प्रतिशत हो जाएगी। निर्धारित समय सीमा के बाद विशेष परिवर्तन अभियान चलाकर बकाया कर वाले वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

अन्य राज्यों में पंजीकृत वाहनों पर भी होगी सख्ती: परिवहन अधिकारी ने यह भी बताया कि गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में पंजीकृत वे निजी वाहन जो जिले में लम्बे समय से संचालित है लेकिन राज्य का टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ भी वाहन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

कर संग्रहण के लिए अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा कार्यालय: कर संग्रहण की प्रक्रिया को सुचारू रखने के लिए मार्च महीने में सभी राजकीय अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुला रहेगा। अधिकारी ने वाहन स्वामियों से समय पर टैक्स जमा कराने की अपील की है ताकि किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

# जिले में अब तक कुल 104031 किसानों का हुआ रजिस्ट्रेशन

## -31 मार्च तक रजिस्ट्रेशन नहीं करवाने पर पीएम किसान निधि का लाभ नहीं मिलेगा

बारां, (रॉयल पत्रिका)। भारत एवं राज्य सरकार की एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत फॉर्मर्स रजिस्ट्रेशन के तहत फार्मर आईडी पंजीकरण ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का निरन्तर आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में किसानों के फार्मर आईडी कार्ड बनाकर वितरित किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशों के बाद रजिस्ट्रेशन के कार्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

एडीएम दिवांशु शर्मा ने बताया कि जिले के सातों ब्लॉकों में क्रमशः मांगरोल मे 12164, अंता में 13383, बारां में 18530, अटरु में 14385, किशनगंज में 11097, छबड़ा में 19237 एवं छीपाबड़ौद में 15235 रजिस्ट्रेशन हुए। जिले में अब तक कुल 1 लाख 4 हजार 31 किसानों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। जिला कलक्टर तोमर ने किसानों से अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की है, ताकि उन्हें पीएम किसान निधि समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। ध्यान रहे 31 मार्च तक रजिस्ट्रेशन नहीं करवाने वाले किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पाएगा।

उन्होंने बताया कि 17 से 19 मार्च तक अंता में क्रमशः चहेड़िया, पलायथा, छबड़ा में सेमली, कडैयाहाट, कडैयावन, मूण्डला, झरखेड़ी, छीपाबड़ौद में गोरधनपुरा, कलमोदिया, बंजारी, दीगोदखालसा, अटरु में दिलोदहाथी, ढ़ोटी, मेरमाचाह, कवाई, किशनगंज में बरुनी, करवरीकलां, पचलावड़ा, बन्दाखुर्द व बजरंगगढ़ में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# पेयजल और सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराना हमारा संकल्प

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में जल उपलब्धता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही हैं। हमारी सरकार जनता के हितों के लिए प्रत्यनशील है। विकसित राजस्थान-2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।

रावत ने बताया कि विधानसभा में बुधवार को सदन के नेता मुख्यमंत्री द्वारा यमुना जल और राम जल सेतु लिंक परियोजना को लेकर भी वक्तव्य दिया गया। उन्होंने आश्वस्त किया कि घर-घर तक और सिंचाई के लिए जल पहुंचाने का हमारा संकल्प प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी घोषणाओं को लेकर पूरे प्रदेश में प्रशंसा हो रही है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं से सम्बंधी विभिन्न कार्य 400 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से कराए जाने की घोषणाएं हुई हैं। इनमें जवाई कमांड क्षेत्र के खालों का पक्का निर्माण का कार्य (सुमेरपुर)-पाली में 20 करोड़ रूपए की लागत से, ठिंटोडा में ठेहलेश्वर महादेव मंदिर के समीप लघु सिंचाई योजना हेतु डीपीआर (जहाजपुर)-भीलवाड़ा में 1 करोड़ रूपए, रेपी नदी में होडापुरा गांव के पास एनिकट (शाहबाद) बारां 8 करोड़ रूपए से, देवरी-सिरसीपुरा तालाब की मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य (शाहबाद)-बारां 10 करोड़ रूपए, चंद्रभागा नदी में जल उपलब्धता बढ़ाने, मुण्डलियाखेड़ी बांध से कालीसिंध नदी के संगम तक पुनरूद्धार के तहत 2 नवीन एनीकट, घाट निर्माण कार्य, बैंक प्रोटेक्शन वर्क, डिसिल्टिंग वर्क-झालावाड़ 11 करोड़ रूपए, आम्बा, खानपुरा से दौराई के बीच, नाथूवाला रावतों के कुएं के पास एनीकट एवं कॉजवे जीर्णोद्धार तथा मरम्मत व अजयसर के तालाबों की मरम्मत कार्य (पुष्कर)-अजमेर 10 करोड़ रूपए की लागत से कराए जाएंगे।

जल संसाधन मंत्री ने बताया कि चम्बल एवं छोटी कालीसिंध नदी के संगम के पास 2 लिफ्ट बनाकर चम्बल, छोली कालीसिंध एवं क्षिप्रा नदी के मध्य के क्षेत्र में प्रेशर आधारित सिंचाई प्रणाली विकसित करने के लिए कार्य की डीपीआर (गंगधार, डग)-झालावाड़ 1 करोड़ रूपए, किशनपुरा लिफ्ट परियोजना को सोलर आधारित करने, पाइप लाइनों की मरम्मत एवं अन्य जीर्णोद्धार-कोटा 8 करोड़ 50 लाख रूपए, मोरस बांध के कैनाल की लाइनिंग एक्सटेंशन और स्लूस रिपेयरिंग कार्य (पिण्डवाड़ा)-सिरोही 5 करोड़ 50 लाख रूपए, मांडवाड़ा बांध की नहरों को पक्का करने सम्बंधी कार्य (पिण्डवाड़ा)-सिरोही 2 करोड़ 50 लाख रूपए, घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा की दृष्टि से कार्य-हनुमानगढ़ 325 करोड़ रूपए लागत से कार्य होंगे। मुख्यमंत्री शर्मा की घोषणाओं को जल संसाधन विभाग जनप्रतिनिधियों और आमजन के सहयोग से शीघ्र धरातल उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जावर माइंस में ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए हिन्दुस्तान जिंक की पहल

## -जावर माइंस के आस पास 26 गांवों के लिए मोबाइल हेल्थ वैन की शुरूआत

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। स्वास्थ्य सेवा पहुंच में सुधार के लिए संचालित सामुदायिक पहल के रूप में, हिन्दस्तान जिंक ने ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के सहयोग से जावर माइंस के आसपास के 26 गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन की शुरूआत की। वैन को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे समुदायों तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और बुनियादी उपचार जैसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इस पहल का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की कमी को पूरा करना और यह सुनिश्चित करना है कि महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाएं उन लोगों तक आसानी से पहुंच सकें जिन्हें उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है, जिससे क्षेत्र में समग्र स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार हो।



टिडी के सामुदायिक केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में उदयपुर के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक आदित्य एवं जावर बिजनेस यूनिट के आईबीयू-सीईओ राम मुरारी ने वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डॉ. आदित्य ने परियोजना की सराहना की तथा ग्रामीण वर्गों तक पहुंचने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सरकारी सेवाओं के बीच सहयोगात्मक प्रयास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने समुदाय से बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए वैन की सेवाओं का पूरा उपयोग करने का आग्रह किया। राम मुरारी ने मोबाइल स्वास्थ्य वाहन के शुभारम्भ को सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में हिन्दस्तान ज़िंक के सतत प्रयासों में एक मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में निधि यादव - बीसीएमओ, गिर्वा, अमृत मेघवाल, नायब तहसीलदार बारापाल, सरपंच टीडी बंशीलाल मीना, नेवातलाई सरपंच किशन लाल मीणा, लक्ष्मण मीणा सामाजिक कार्यकर्ता अमरपुरा भी उपस्थित थे।

मोबाइल स्वास्थ्य वैन का शुभारंभ दूरदराज के क्षेत्रों में ग्रामीण समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उन्हें मौसमी और सामान्य दोनों बीमारियों के लिए समय पर उपचार और दवाएं मिलें। वर्ष 2018 से, हिंदुस्तान जिंक विभिन्न सामुदायिक पहलों के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से भीलवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर के 110 गांवों तक पहुंचकर, कंपनी अनुमानित 1.62 लाख लोगों के जीवन को लाभान्वित करेगी । राजस्थान के भीलवाड़ा, राजसमंद, अजमेर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर और सलूबंर सहित 7 स्थानों और 5 जिलों में व्यापक पहुंच के साथ यह पहल वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और जागरूकता बढ़ाने के लिए कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को निष्कासित कर भाजपा सरकार द्वारा कार्यवाहक प्रधान बनाना लोकतंत्र की हत्या जैसा- जोन्टी बीरवाल

कोटा (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को निष्कासित कर भाजपा सरकार द्वारा लाडपुरा पंचायत समिति में कार्यवाहक प्रधान बनाना पूर्णतया असंवैधानिक है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण के अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी ने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने आदेश जारी कर गत 28 फरवरी को लाडपुरा पंचायत समिति के प्रधान नईमुद्दीन गुड् को निलंबित किया था और वित्तीय अनियमितताओं का हवाला देते हुये यह कार्यवाही की गई, जबकि सरकार ने नईमुद्दीन गुड् से इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी बिना नोटिस और बिना जांच के ही कार्यवाही कर दी गई। प्रधान नईमुद्दीन गुड् पर लगाए गए सभी आरोप निराधार है।

**ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी ने कहा कि**

लाडपुरा पंचायत समिति में कुल 15 सदस्य है और कांग्रेस के नईमुद्दीन गुड् के निलंबित होने के बाद 14 सदस्य बचे, इनमें 9 कांग्रेस, 3 भाजपा व 2 निर्दलीय है। कांग्रेस का बहुमत होने के बावजूद भाजपा के हेमंत यादव को प्रधान का चार्ज मिलना लोकतंत्र और जनता के अधिकारों का उल्लंघन है। यह साफ साफ दर्शाता है की राजस्थान भाजपा सरकार ने यह निलंबन राजनीतिक द्वेषता की वजह से किया है।

**ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी ने कहा कि**



कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा सरकार की तानाशाही ओर इस असंवैधानिक कृत्य का घोर विरोध करते है। राजस्थान की जनता सरकार से त्रस्त है और आने वाले पंचायती और निकाय चुनावो में राज्य की जनता इसका जवाब जरूर देगी।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 31 मार्च तक

बारां, (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक शुभम नागर ने बताया कि विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन का लाभ ले रहे पेंशनधारी स्वयं अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन 31 मार्च 2025 तक करवा सकते है। सत्यापन के अभाव में पेंशन से वंचित हो सकते है। पेंशन के सत्यापन हेतु ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखंड अधिकारी प्राधिकृत अधिकारी हैं। जिले में अब तक लगभग 31010 पेंशनरों ने वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं करवाया हैं।

**सत्यापन के लिए यह विकल्प उपलब्ध है -**

ई-मित्र केन्द्र अथवा ई-मित्र कियोस्क से बायोमेट्रिक के माध्यम से, एंड्राइड मोबाइल एप फेस रिकॉग्निशन अथवा बायोमेट्रिक के माध्यम से। और संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा लाभार्थी के आधार से जुड़े मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से। कुछ पेंशनर्स का उपर्युक्त तीनों विकल्प के उपरान्त भी स्वयं का वार्षिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है तो इसके पीछे कारण उनके बॉयोमैट्रिक (उगलियों के निशान) नहीं आ पा रहे हैं, पेंशनधारी का चेहरा आधार पोर्टल के माध्यम से सत्यापित नहीं हो पा रहा है अथवा उनके आधार के साथ मोबाइल नम्बर नहीं जुडा हुआ है अतः ओटीपी प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में विभिन्न माध्यमों से शिकायतें, प्रकरण नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं।

**पोर्टल पर विकल्प के रूप में नया प्रावधान उपलब्ध -**

ऐसी स्थिति में पेंशन पोर्टल पर विकल्प के रूप में एक नया प्रावधान उपलब्ध करवाया गया है ऐसे पेंशनर को संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के कार्यालय में स्वयं के दस्तावेजों यथा पीपीओ, जनाधार, आधार आदि के साथ व्यक्तिशः उपस्थित होना होगा उनके दस्तावेजों की जांच के आधार पर संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी उनका वार्षिक भौतिक सत्यापन करेंगे। भौतिक सत्यापन करते समय संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के आधार से जुड़े मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसके माध्यम से पेंशनर का वार्षिक सत्यापन किया जा सकता है।

# रोजगार सहायता एवं उद्यमिता शिविर में 237 युवाओं का प्राथमिक चयन



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार सहायता एवं उद्यमिता शिविर का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय परिसर में हुआ। सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय विवेक भारद्वाज ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की 16 कम्पनी/संस्थानों द्वारा मौके पर ही बेराजगार युवकों का साक्षात्कार लेकर 237 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया। साथ ही विभिन्न राजकीय विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के 93 आवेदन पत्र तैयार करवाएं गए। वहीं राजस्थान कौशल राजीविका विकास निगम सवाई माधोपुर द्वारा 89 बेरोजगार युवाओं के प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र भी तैयार करवाए गए।

# पर्स लौटाकर कैंटर के ड्राइवर जुनेद ने दिया ईमानदारी का परिचय

## -80 हजार रुपए वापिस लौटाए



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। रणथंभौर सफारी के जोन दस में सफारी करने गए यूएसए के ग्रुप और ग्रुप लीडर लक्ष्मण सिंह का सफारी पूर्ण होने के बाद कैंटर के अपना बैग कैंटर नंबर RJ 25 PA 2121 में छोड़ गए, जिसमें लगभग 80 हजार रुपए, पासपोर्ट और महत्वपूर्ण कागजात थे, जिसको इमानदारी का परिचय देते हुए कैंटर के ड्राइवर जुनेद आलनपुर ने ड्राइवर यूनियन कार्यालय पर बुलाकर सकुशल वापस लौटाया इस ईमानदारी के परिचय पर यूनियन के लोगों एवं पर्स मालिक ने ड्राइवर का आभार जताया और धन्यवाद दिया।

# S.S ग्रुप ने किया कोटा पर्यटन को बढ़ाने का प्रयास




कोटा(रॉयल पत्रिका)। हाल ही में जयपुर में आईफा अवार्ड का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें फिल्मी जगत के कई मशहूर सितारे शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित, कार्तिक आर्यन, करीना कपूर, शाहिद कपूर आदि ने शानदार प्रस्तुति के साथ अपनी उपस्थिति दी। इसी कार्यक्रम के दौरान कोटा "S.S ग्रुप" के डायरेक्टर्स ने आईफा अवार्ड के को-फाउंडर "आंद्रे टिमिंस" को बताया कि राजस्थान में कोटा शिक्षा नगरी के साथ ही पर्यटन नगरी के रूप में भी तेजी से उभर रहा है । यहां पर पूर्व में भी कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है तथा आगामी समय में और फिल्मों की शूटिंग हो सके, इसके लिए कोटा का "S.S ग्रुप" निरंतर प्रयास कर रहा है। आईफा अवार्ड के को-फाउंडर "आंद्रे टिमिंस" ने कोटा "S.S ग्रुप" के प्रयासों की सराहना और प्रशंसा की। कोटा में तेजी से उभरते हुए S.S. ग्रुप के डायरेक्टर्स पंकज सिंह, पूर्वांश नामा, दीपेश राठौर ,ललित प्रजापत और विशाल सिंह ने "आंद्रे टिमिंस" को धन्यवाद दिया।

# टीकों के सुरक्षित रख—रखाव के लिए प्रदेशभर में की गई कोल्ड चेन सिस्टम की मॉनिटरिग



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेशभर में टीकों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए संचालित कोल्ड चेन सिस्टम की मॉनिटरिग, एसेसमेंट एवं सुधार की कार्ययोजना के लिए अभियान आयोजित किया गया। सभी जिलों में 8 मार्च तक इस अभियान के तहत कोल्ड चेन सिस्टम की गहन मॉनिटरिंग की गई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि 18 टीमों द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में चिन्हित रीजनल एवं जिला वेक्सीन स्टोर्स का निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार आंकलन किया गया। इन टीमों में राष्ट्रीय स्तर से नेशनल कोल्ड चैन मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम के प्रतिनिधि, राज्य स्तरीय अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं डवपमेंट पार्नर्स यूनिसेफ, यूएनडीपी, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि शामिल रहे।

निदेशक आरसीएच डॉ. एस.एस. राणावत ने बताया कि एसेसमेंट से पूर्व झालाना स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी इस एसेसमेंट की मॉनिटरिंग की गई। उन्होंने बताया कि कोल्ड चेन प्वाइंट्स का एसेसमेंट प्रत्येक राज्य में 5 वर्ष के अन्तराल से आयोजित किया जाता है। एसेसमेंट पूर्ण होने बाद टीमों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार कर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# झुंझुनू में 63 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा, 21015 अभ्यर्थी होंगे शामिल

झुंझुनू(रॉयल पत्रिका) । राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग-IV प्रतियोगी पुनः परीक्षा आगामी 23 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे से अपराह्न 02 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि यह परीक्षा झुंझुनू जिले में कुल 63 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी, जिसमें 21015 परीक्षार्थी भाग लेंगे। जिला मुख्यालय पर 39 केंद्र, बगड़ मुख्यालय पर 10 केंद्र एवं चिड़ावा मुख्यालय पर 14 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु केंद्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं उप समन्वयकों को जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, झुंझुनू में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उप समन्वयक एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण 20 मार्च को 9:00 बजे वहीं केंद्राधीक्षक का प्रशिक्षण 21 मार्च को दोपहर 02.30 बजे होगा।


# सहरसा में दिखा वृंदावन जैसा नजारा, घूमर होली में मस्ती में दिखे हुरियारे

## बीकानेर, कुल्लू या हो कोलकाता हर जगह रंगों की बरसात

**पूरा देश होली के रंग में रंगा**

एजेंसी ▶▶ सहरसा/ नई दिल्ली

पूरे देश से अलग-अलग शहरों से होली के रंग में नहाए लोगों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए बहैं,जिससे पूरा देश होली के रंग में रंगा नजर आ रहा है। बरसाने कि लठ्ठमार होली कि तरह प्रसिद्ध है सहरसा के बनगांव की घूमर होली। हजारों लोग गांव के भगवती स्थान मे जमा होते हैं और नंग-धड़ंग हो घूम -घूमकर होली खेल रहे है। बताया जाता है कि द्वापर काल से इस गांव में खेली जा रही रूप को लोकदेवता संत लक्ष्मीनाथ ने विशिष्ट रूप दिया था। यह परंपरा अभी भी कायम है। वृंदावन की लठ्ठमार होली काफी मशहूर है। होली से एक दिन पहले ही यहां हुरियारे रंगों में डूबे हैं।





### हम दिल्ली को विकास के रंग में रंगेंगे: तिवारी

दिल्ली में भाजपा सांसद मनोज तिवारी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई। उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनाई है। हम दिल्ली के लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि हम दिल्ली को विकास के रंग में रंगेंगे।



### होली सबके जीवन में बहुत सारी खुशियां लाए: दीया

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सभी को होली की बहुत शुभकामनाएं। होली सबके जीवन में बहुत सारी खुशियां लेकर आए। इस साल का हमारा बजट बहुत अच्छा था, बहुत समावेशी बजट था।हर वर्ग के लिए बहुत कुछ दिया गया है।

### संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाते रहें: धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग होली खेली। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम अपनी संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाते रहें और इस संस्कृति को हमें लगातार आगे बढ़ाते जाना है। विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने में उत्तराखंड भी अपना योगदान देगा।



### जैसलमेर में जवानों ने खेली ड़ोली

जैसलमेर के सेना के जवानों ने भी होली खेली। इस दौरान सभी आपस में बड़ी खुशी से नाचते-गाते नजर आए। बीकानेर के करणी माता मंदिर में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली। यह मंदिर चूहों के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। अमृतसर के इस्कॉन टेंपल में होली का रंग चढ़ा दिखा। यहां लोग खुशी से नाचते-गाते नजर आए।



**हैदराबाद में गाइडलाइन**

### बिना पूछे रंग डाला तो होगा सख्त एक्शन

हैदराबाद पुलिस ने शहर में त्योहार मनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गाइडलाइन के मुताबिक बगैर सहमति से किसी भी शख्स पर रंग डालना या पानी फेंकना पूरी तरह से वर्जित किया गया है। यह आदेश 13 मार्च से 15 मार्च को सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा।

**शांतिनिकेतन के सोनाझुरी हाट में होली पर प्रतिबंध वापस लिया :** बीरभूम। बंगाल सरकार द्वारा शांतिनिकेतन के बीरभूम जिले के सोनाझुरी हाट में होली समारोह पर प्रतिबंध लगाने की खबरों के बाद मंत्री बीरबाहा हांसदा ने स्पष्ट किया कोई प्रतिबंध नहीं है।



**रंग भी पड़ जाए तो लड़ें नहीं: आजमी**

निलंबित सपा विधायक अबू आजमी ने होली और रमजान पर लोगों से बड़ी अपील की है। आजमी ने कहा अगर रंग भी पड़ जाए तो वे किसी से लड़ें नहीं।

---

## खबर संक्षेप

### कार-ट्रक की भिड़ंत परिवार के 6 की मौत

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग- 353 पर भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 6लोगों की मौत हो गई। कार और ट्रक की टक्कर में राजस्व विभाग में पदस्थ आरआई ताहर सिंह ठाकुर सहित उनके पूरे परिवार की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा दोपहर 3:48 बजे ओंकारबंद के पास हुआ। हकार के परखच्चे उड़ गए। शवों को निकालने प्रशासन को मशक्कत करनी पड़ी।



### विष्णु कैबिनेट में 3 नए मंत्री शामिल

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया। उस वक्त मुख्यमंत्री समेत 12 मंत्री थे। एक पद खाली रखा गया था।सभी जिलों को प्रतिनिधित्व और जातीय समीकरण के आधार पर तीन विधायकों को इस पद पर नियुक्त किए जाने की सिफारिश की गई है। पहली बार 14 मंत्री बनाए गए हैं।



### कोई दुर्भावनापूर्ण नहीं था खेर पर केस खारिज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट से सिंगर कैलाश खेर को राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ उनके गीत ' बाबम बाम' के जरिए कथित तौर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में केस खारिज कर दिया है। जस्टिस भारती डांगरे और श्याम सी चांडक की पीठ ने लोकतांत्रिक समाज में सहिष्णुता के महत्व को रेखांकित कर असहिष्णुता को अभिशाप बताया।



### ट्रैक पर गए परिवार के 3 सदस्यों की मौत

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में घरेलू कलह में खुशकुशी के इरादे से ट्रैक पर गए परिवार के 3सदस्यों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। 9 साल का बच्चा बुरी तरह जख्मी हो गया। इसके साथ परिवार को बचाने पहुंचा की-मैन भी गंभीर घायल हो गया। जीआरपी ने शव के टुकड़ों को उठाया और पोस्टमार्टम भेजा।



### टीएस को मिली पीसीसी की कमान, बैज हटे

**रायपुर।** विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद अंततः एआईसीसी ने छग कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की छुट्टी कर दी। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को इसकी कमान सौंप दी है। पूर्व मुख्यमंत्री और एआईसीसी महासचिव भूपेश बघेल उन्हें बधाई देने पहुंचे।



---

## पंचकूला के कोट बिल्ला शहरी परिसर में पायलट प्रोजेक्ट में होगा विकास

# कांग्रेस सरकार में एचएसवीपी की नींव खोखली करने का काम किया गया: नायब

▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नागरिकों को बेहतर रिहायशी वातावरण देने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पहले चरण में पंचकूला के कोट बिल्ला शहरी परिसर में सेक्टर-14-16, 22 और पिंजौर-कालका में सेक्टर-23 को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्यपाल अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दे रहे थे। सैनी ने कहा कि विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि विपक्ष को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की याद आई है।

यह वही प्राधिकरण है, जिसकी नींव खोखली करने का काम कांग्रेस सरकार में किया गया था। उस समय किसानों को जमीन अधिग्रहण का डर दिखाकर उन्हें अपनी जमीन कोड़ियों के भाव बेचने के लिए मजबूर किया। यह वह जमीन थी, जिस पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर बनने थे। इससे प्राधिकरण का काम बंद हो गया और यह घाटे में आ गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को घाटे से उबारने का काम किया है। अब यह शहरी संपदाओं में 41 सेक्टरों में भूमि अधिग्रहण कर रहा है। यह भूमि अधिग्रहण ई-भूमि पोर्टल अथवा लैंड पूलिंग नीति के माध्यम से किया जाएगा।



### कांग्रेस शासनकाल में कॉलोनियां विकसित करने का कोई रोडमैप नहीं था: सीएम

नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में कॉलोनियां विकसित करने का कोई रोडमैप नहीं था, कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी कॉलोनी काट देता था, जिससे अवैध कॉलोनियां लगातार विकसित होती चली गई। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में अवैध कॉलोनियों पर पूर्ण नियंत्रण रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन कॉलोनियों को भी नियमित किया है, जो पहले की सरकार में विकसित हुई थी। कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में 874 कॉलोनियों को नियमित किया गया था और हजारों कॉलोनियां फैलाकर चले गए। वर्तमान राज्य सरकार ने उन 2,147 कॉलोनियों को नियमित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नियमित आधार पर अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई कर रही है। इसमें अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करना और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करना शामिल है। जनवरी, 2015 से अब तक ऐसी 6,904 कॉलोनियों की पहचान की गई है। अभी तक इनमें से 26,650 एकड़ भूमि वाली 3,937 कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया है। इसके अलावा, 1,879 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

### एमएसपी खरीद के लिए किसानों के खातों में 1.25 लाख करोड़ रुपए दिए गए: नायब

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि किसान हित सरकार की नीतियों के केन्द्र में है। सरकार किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद कर रही है। वर्ष 2021-22 से लेकर अब तक सरकार द्वारा एमएसपी पर खरीद किये गये खाद्यान्नों की 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये की राशि किसानों के बैंक खातों में सीधे डाली जा चुकी है। मुख्यमंत्री गुरुवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्यपाल अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता एमएसपी के नाम पर किसानों को झूठ बोलकर बरगलाने का काम कर रहा है। जबकि वर्ष 2014 में कांग्रेस के शासनकाल में 30 लाख 7 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की गई थी। जबकि, वर्ष 2024-25 में 53.99 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इससे स्पष्ट है कि हम लगभग दो गुणा अधिक धान की सरकारी खरीद कर रहे हैं। वर्ष 2014 में कॉमन धान का एम.एस.पी 1,310 रुपये प्रति क्विंटल था, जो अब ग्रेड-ए का 2,320 रुपये प्रति क्विंटल और कॉमन धान का 2,300 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में तकनीकी सुधार करके समय और भ्रष्टाचार को कम किया है। यदि कहीं ज्यादा बिल काट कर कम पैसे दिये जाने की शिकायत है, तो सरकार को बताएं, हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बिजाई सीजन में सरकार द्वारा यूरिया की पूरी व्यवस्था की जाती है। रबी सीजन 2024-25 के लिए राज्य में 14 लाख 26 हजार मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया है, जिसमें से अभी तक 12 लाख 23 हजार मीट्रिक टन की खपत हो चुकी है। पिछले रबी सीजन के दौरान यूरिया की बिक्री 11 लाख 6 हजार मीट्रिक टन थी। वर्तमान में, राज्य में 2 लाख 2 हजार मीट्रिक टन यूरिया अभी भी उपलब्ध है। आगामी सीजन में भी किसानों को यूरिया व डीएपी खाद की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आज जब किसान, मजदूर ने कांग्रेस को नकार दिया है, तो कांग्रेस के नेताओं को किसानों के हित याद आ रहे हैं। देश में कांग्रेस की सत्ता साढ़े 5 दशकों तक रही है। अगर इस पार्टी ने किसान हित की सोची होती, मजदूर हित की सोची होती, तो आज इन्हें ये दिन देखने न पड़ते।

---

## शाह ने गांधीनगर को दी सौगात

# 146 करोड़ के विकास का किया उद्घाटन-शिलान्यास



### साणंद में 500 बिस्तरों वाले अस्पताल और गांधीनगर में सिविल अस्पताल की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अपने लोकसभा क्षेत्र गुजरात के गांधीनगर में 146 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं रेलवे, सड़क मार्ग और स्वास्थ्य सेवा से संबंधित हैं। अमित शाह ने गुजरात में परिवर्तनकारी विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य ने परिवहन और ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने साणंद में पांच सौ बिस्तरों वाले अस्पताल और गांधीनगर में एक नया सिविल अस्पताल स्थापित करने की भी घोषणा की।

### ट्रैफिक और यूनिटी का विस्तार

इस दौरान उन्होंने कहा गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में यातायात और कनेक्टिविटी का निरंतर विस्तार हो रहा है। आज वर्चुअल माध्यम से गांधीनगर में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।रेलवे ओवरब्रिज, ग्रेड सेपरेटर, पुल, फ्लाईओवर व सड़कों के निर्माण सम्बन्धी इन कार्यों से क्षेत्रवासियों का जीवन अधिक सुगम होगा और कनेक्टिविटी आसान होगी।

### देशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत देशवासियों को होली के पावन त्योहार की शुभकामनाएं देकर की। उन्होंने कहा कि गुरुवार को 3 परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और ई-शिलान्यास हो रहा है। इनमें 60 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला साणंद-चेखला-कडी रोड पर अहमदाबाद-विरमगाम रेलवे ट्रैक पर लगभग 1 किलो मीटर लंबे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शामिल है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि इस ओवरब्रिज के बनने के बाद स्थानीय नागरिकों को आवागमन में बहुत सुविधा हो जाएगी।

---

## जॉब प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट


# 78%'नियोक्ता' ब्लू-कॉलर जॉब्स में महिलाओं को देंगे तरजीह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत में लगभग 78 प्रतिशत एम्प्लॉयर ब्लू-कॉलर रोल्स के लिए अधिक महिलाओं को नियुक्त करने की योजना बना रहे हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 73 प्रतिशत थी। गुरुवार को जारीकी गई जॉब प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार देश में ब्लू-कॉलर जॉब्स में 20 प्रतिशत महिलाएं हैं। रिटेल और हेल्थकेयर में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 32 प्रतिशत है, जो कि सबसे ज्यादा है। बैंकिंग,फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस, इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन में महिलाओं की संख्या 10 फीसदी से भी कम है। महिलाओं द्वारा अधिक ब्लू-कॉलर नौकरियों की तलाश करने का एक प्रमुख कारण फाइनेंशियल स्वतंत्रता है।

## रंग यात्रा में श्रद्धालुओं का तांता



आगरा। गुरुवार को मनकामेश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई ' रंग यात्रा' में भक्त का तांता लग गया।

# हरियाणा को सिर्फ मोदी पर विश्वास नगर निकाय जीत पर बोले अमित

▶▶ नई दिल्ली

नगर निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा है कि हरियाणा को सिर्फ मोदी जी पर विश्वास है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद नगर निगम और नगर निकाय चुनावों में भी भाजपा को अपना आशीर्वाद देने के लिए हरियाणा की जनता का बहुत-बहुत आभार। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा, वार्ड से लेकर विधानसभा और पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक लोगों की पहली पसंद बन चुकी है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस ऐतहासिक जीत के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और सभी कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी है। शाह ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। हरियाणा विकसित हरियाणा बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हरियाणा की जनता ने प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के मिशन को साकार करने में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान, जवान और पहलवान भारत और हरियाणा का नाम विश्वभर में रोशन कर रहे हैं। हरियाणा में लगातार हो रही भाजपा की जीत पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताने के साथ-साथ पावन पर्व होली की भी शुभकामनाएं दी है।

---

## तिवारी ने कहा कुछ साल में देश में तेल आयात का बढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण

# दुबे ने झारखंड के संथाल परगना में 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' का मुद्दा उठाया

### लोकसभा में शून्यकाल के दौरान द्रमुक सांसद ने परिसीमन का मसला उठाया

▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' की संख्या में बढ़ोतरी का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया और कहा कि अगला परिसीमन इन्हें अलग करके होना चाहिए क्योंकि इनके कारण आदिवासियों की सीटें जा रही हैं।

द्रमुक के सांसद एम काथिर आनंद ने बुधवार को लोकसभा में परिसीमन से जुड़ा मुद्दा उठाया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि सिर्फ जनसंख्या के आधार पर यह नहीं होना चाहिए तथा तमिलनाडु जैसे प्रगतिशील राज्यों की भावना का सम्मान किया जाना चाहिए।

लोकसभा में कांग्रेस सदस्य केसी वेणुगोपाल और भाजपा सदस्य अनुराग ठाकुर ने देश में मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या को उजागर करते हुए इस संकट से निपटने के लिए सभी के मिलकर लड़ने की जरूरत बताई। शून्यकाल में वेणुगोपाल ने देश में, खासकर अपने गृह राज्य केरल में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा उठाया और कहा कि इसे लेकर सरकार तथा सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करना होगा।



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में कहा कि पिछले कुछ साल में देश में तेल आयात का बढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है और सरकार बताए कि वह पिछले दस साल से तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को कम करने की दिशा में क्या प्रयास कर रही है।

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को देश में 100 गीगावाट सौर ऊर्जा सहित 222 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को जरूर प्राप्त किया जाएगा। संसद ने बुधवार को खनिज तेल उत्खनन के लिए 'सिंगल परमिट' प्रणाली लाने और समग्र ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लक्ष्य वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान की।

लोकसभा में विधेयक पर चर्चा और फिर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के जवाब के बाद सदन ने 'तेलक्षेत्र (विनियमन तथा विकास) संशोधन विधेयक, 2024' को ध्वनिमत से मंजूरी दी।


## जादवपुर विश्वविद्यालय में हंगामा

# तोड़फोड़ मामले में डीएसएफ से जुड़ा छात्र सौम्यदीप अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में 1 मार्च को हुई अशांति और तोड़फोड़ के सिलसिले में एक छात्र को गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 2हो गई है। जेयू एसएफआई इकाई के एक नेता ने बताया कि दर्शनशास्त्र के छात्र सौम्यदीप महाता को टीएमसी के पश्चिम बंगाल कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ की एजीएम के दौरान हुई हिंसा के संबंध में अपना बयान दर्ज करने के लिए जादवपुर पुलिस थाने बुलाया गया था, जहां बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु भी मौजूद थे। छात्रों के एक समूह ने बसु की कार के चारों ओर मानव श्रृंखला बना ली और उन्हें जाने से रोकने की कोशिश की थी।





# प्रभास की फिल्म द राजा साब की रिलीज में होगी और देरी?

साउथ सुपरस्टार प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म द राजा साब को लेकर फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन प्रोडक्शन में देरी के चलते इसे टाल दिया गया। अब इस फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। 123 तेलुगु डॉट कॉम की खबर के मुताबिक फिल्म की शूटिंग में और देरी होने वाली है, क्योंकि चार गाने और क्लाइमेक्स सीन अभी बाकी हैं। बताया जा रहा है कि प्रभास इस समय अपनी दूसरी फिल्म पर ध्यान दे रहे हैं, जिसका निर्देशन हनु राघवपुडी कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ महीने पहले प्रभास को चोट भी लग गई थी, जिसके कारण शूटिंग और प्रभावित हुई। इन सभी वजहों से द राजा साब की शूटिंग अभी पूरी नहीं हो पाई है।



## रश्मिका मंदाना ने बताया थामा के सेट पर कैसा होता है नाइट शूट

रश्मिका मंदाना इन दिनों आयुष्मान खुराना के साथ अपनी आगामी फिल्म थामा की शूटिंग कर रही हैं। एनिमल अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के नाइट शेड्यूल की एक झलक दिखाई। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें से एक में वह कार में सोती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ अभिनेत्री ने लिखा, नाइट शूट। मुझे नाइट शूट कितना पसंद है। एक अन्य तस्वीर में रश्मिका अपनी वैनिटी में एक ट्रैवल कप पकड़े हुए नजर आ रही हैं, जिस पर लिखा है, थामा नाइट शूट। फिल्म अभिनेता आयुष्मान ने खुलासा किया कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए थामा की शूटिंग कुछ समय के लिए रोक दी गई थी। आयुष्मान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह और उनके क्रू मेंबर्स फोन पर भारत बनाम न्यूजीलैंड मैच देख रहे हैं। भारत के फाइनल जीतने के बाद, अभिनेता और उनकी थामा टीम ने जीत का जश्न मनाया। हालांकि, जश्न के बाद टीम धीरे-धीरे शूटिंग स्थल की ओर बढ़ गई। अभिनेता आयुष्मान ने पोस्ट को कैप्शन देते हुए लिखा, शूट रुक जाती है जब इंडिया जीत जाता है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के जीतने पर। यह फिल्म खूनी पृष्ठभूमि पर आधारित एक मनोरंजक प्रेम कहानी होने वाली है। आयुष्मान और रश्मिका की मुख्य जोड़ी के साथ इस परियोजना में परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।




## अदा शर्मा बोली- 'डिजाइनर कपड़े पहनने से कोई सफल नहीं होता है'

**अदा** शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी' में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला। अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी' का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं।



## अक्षय कुमार ने करोड़ों में बेचा अपना मुंबई वाला लग्जरी अपार्टमेंट


**बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर चर्चा में रहते हैं। एक्टर जल्द ही कई अपकमिंग प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं, जिसको लेकर वह सुर्खियों में रहते हैं। इसी बीच खिलाड़ी कुमार अलग ही चर्चा में गए हैं। खबर है कि एक्टर ने मुंबई में एक करोड़ों की डील की है। अक्षय ने मुंबई के बोरीवली ईस्ट इलाके में अपना एक लग्जरी अपार्टमेंट बेच दिया है।**

### 7 साल पहले खरीदी प्रॉपर्टी से कमाया इतना मुनाफा

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार ने यह अपार्टमेंट 4.35 करोड़ रुपये में बेचा है। इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन की वेबसाइट पर इस प्रॉपर्टी से जुड़े रजिस्ट्री पेपर्स के मुताबिक, यह डील इसी महीने मार्च 2025 में हुई है। अक्षय ने जो अपार्टमेंट बेचा है, वह इलाके के स्काई सिटी बिल्डिंग में है, जिसे ओबेरॉय रियल्टी ने बनाया है। यह सोसाइटी 25 एकड़ में फैली हुई है। रिपोर्ट और रजिस्ट्री पेपर्स के अनुसार, अक्षय कुमार के इस अपार्टमेंट का कारपेट एरिया 1,073 स्क्वायर फीट है। इसके साथ ही एक्टर ने दो कार पार्किंग भी खरीदी थी। एक्टर ने इस लेन-देन के लिए 26.1 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी और 30,000 रुपये का रजिस्ट्रेशन फीस चुकाई है। कहा जा रहा है कि अक्षय कुमार ने यह अपार्टमेंट करीब 7 साल पहले नवंबर 2017 में 2.37 करोड़ रुपये में खरीदा था और अब इसे 4.35 करोड़ रुपये में बेचा है। इस तरह उन्हें इस डील से अक्षय ने 183.54% मुनाफा कमाया है।

## वॉर 2 की शूटिंग के दौरान घायल हुए ऋतिक रोशन, पैर में लगी गंभीर चोट

एक्टर ऋतिक रोशन के फैंस के लिए एक परेशान करने वाली खबर सामने आई है। खबर है कि ऋतिक अपनी अपकमिंग फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए हैं। घायल होने के कारण फिलहाल शूटिंग को टाल दिया गया है। वहीं, फैंस एक्टर के चोटिल होने के चलते चिंतित हो गए हैं और उनकी रिकवरी की दुआ करते नजर आ रहे हैं।



### कैसे हुआ हादसा

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर एक हाई-एनर्जी डांस नंबर की शूटिंग कर रहे थे, जब उनके साथ ये हादसा हो गया। इस गाने में जबरदस्त स्टंट और डांस मूव्स शामिल थे, लेकिन इसी दौरान ऋतिक के पैर में गंभीर चोट लग गई। उनकी चोट इतनी गहरी थी कि डॉक्टरों ने उन्हें कम से कम चार हफ्ते का पूरी तरह रेस्ट के लिए बोला है।

### क्या टल जाएगी फिल्म की शूटिंग


रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाकी कलाकारों ने अपने हिस्से की शूटिंग पहले ही पूरी कर ली है और फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। सूत्रों की मानें तो ऋतिक रोशन की रिकवरी के बाद फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू होगी। बताया जा रहा है कि जिस गाने की शूटिंग के दौरान ऋतिक को चोट लगी, उसे अब मई 2025 में फिर से शूट किया जाएगा। बता दें, फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। तय शेड्यूल के मुताबिक ये फिल्म 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## अदिति शर्मा ने 4 महीने पहले की थी गुपचुप शादी, अब मांग रहीं तलाक?

अदिति शर्मा और उनके कथित पति अभिनीत कौशिक के बीच विवाद बढ़ गया है। अभिनीत ने अदिति पर चोरी-छिपे शादी करने का आरोप लगाया है। कथित तौर पर, उन्होंने गोरेगांव में एक सीक्रेट शादी की थी। जब रिश्ते खराब हुए तो अदिति ने 25 लाख रुपये की मांग की। अब दोनों अलग हो चुके हैं।

खतरों के खिलाड़ी 14 और अपोलीना फेम अदिति शर्मा पर उनके कथित पति अभिनीत कौशिक ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि एक्ट्रेस ने उनसे चोरी-छिपे शादी की है। इंडिया फोरम की रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनीत और उनके लीगल एडवाइजर राकेश शेट्टी की तरफ ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।







## हंसल मेहता ने किया नए कलाकारों का समर्थन, बोले- हिंदी सिनेमा को रीसेट करने की जरूरत है...

**फिल्म** निर्माता हंसल मेहता ने बॉलीवुड के खत्म होने की चर्चाओं पर अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा है कि अब समय आ गया है कि हम नए कलाकारों पर निवेश करें।

हंसल मेहता आज बॉलीवुड के टॉप फिल्म निर्माताओं और निर्देशकों में से एक हैं। वह हमेशा से ही इंडस्ट्री से जुड़ी अपनी चिंताओं को लेकर मुखर रहे हैं और एक बार फिर उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने हिसाब से जरूरी मुद्दों को उठाया है। एक्स पर बात करते हुए निर्देशक ने एक लंबी पोस्ट लिखी, जिसमें बताया गया कि बॉलीवुड को कैसे रीसेट करने की जरूरत है। उन्होंने नए जमाने के अभिनेताओं की तारीफ की और निर्माताओं, निर्देशकों से आग्रह किया कि वे अभिनेताओं पर निवेश करें न कि इंडस्ट्री में पहले से मशहूर सितारों पर। इंडस्ट्री को कैसे लोगों की जरूरत

उन्होंने लिखा कि हिंदी सिनेमा को रीसेट की जरूरत है। बॉलीवुड के लिए विनाश की भविष्यवाणी करने वालों के लिए- रुकें। इंडस्ट्री खत्म नहीं हो रही है। यह नाकाम होने का इंतजार कर रहा है। समस्या यह नहीं है कि दर्शकों की रुचि खत्म हो रही है। समस्या यह है कि पैसा सुरक्षित और पहले से तय चीजों में लगाया जा रहा है। हिंदी सिनेमा का भविष्य नई प्रतिभा, बोल्ड कहानी कहने और ऐसे निर्देशकों पर दांव लगाने से बेहतर होगा.

## गजराज राव बोले- ऑन-स्क्रीन परफेक्ट होगी शालिनी पांडे और कार्तिक आर्यन की जोड़ी





अभिनेत्री शालिनी पांडे की अभिनेता गजराव राव ने तारीफ की। हाल ही में आयोजित आईफा अवॉर्ड्स में गजराज ने कहा कि ऑन-स्क्रीन शालिनी पांडे और कार्तिक आर्यन की जोड़ी परफेक्ट होगी। 'अर्जुन रेड्डी', 'महाराज' ओटीटी शो 'डब्बा कार्टेल' समेत अन्य शो में शानदार काम कर छाईं शालिनी को गजराज राव ने कार्तिक आर्यन के लिए परफेक्ट ऑन-स्क्रीन जोड़ीदार बताया। गजराज राव ने कहा, मेरे दिमाग में दो नाम आते हैं। पहला है शिवानी रघुवंशी, जिनके साथ मैंने दुपहिया में काम किया और दूसरा है शालिनी पांडे, जिनके साथ मैंने हाल ही में डब्बा कार्टेल नाम की वेब सीरीज की। वो कार्तिक आर्यन के लिए एक बेहतरीन ऑन-स्क्रीन पार्टनर हो सकती हैं। नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही 'डब्बा कार्टेल' में शबाना आजमी और ज्योतिका भी हैं। शो को प्रशंसकों और दर्शकों से सराहना मिल रही है, जिसमें हर कोई राजी के रूप में शालिनी के प्रदर्शन की सराहना कर रहा है।

'अर्जुन रेड्डी', 'जयेशभाई जोरदार', 'महाराज' और हाल ही में रिलीज हुई 'डब्बा कार्टेल' में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित करने वाली शालिनी पांडे ने भारतीय सिनेमा में अपने लिए एक अलग जगह बनाई है। गजराज राव की सिफारिश से अब संभावित उनके और कार्तिक आर्यन के साथ काम करने को लेकर प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ गया है। इस बीच, कार्तिक आर्यन ने सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'भूल भुलैया 3' में अपने काम के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) के लिए आईफा का अवॉर्ड जीता है।

अभिनेता ने 'चंदू चैंपियन' में अपनी भूमिका का जिक्र करते हुए कहा, मेरे पास अभी शब्द नहीं हैं। मैं चंदू नहीं हूं, मैं चैंपियन हूं। मुझे पता है कि यह उस फिल्म के लिए पुरस्कार नहीं है, लेकिन मेरी भावनाएं वैसी ही हैं।

उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पहली बार फ्रैंचाइजी में कदम रखा था, तो उन्हें किस तरह के संदेह का सामना करना पड़ा था, याद करते हुए कि कैसे लोगों ने सवाल किया था कि क्या वह 'भूल भुलैया 2' को अपने कंधों पर उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, शुरू से ही जब मुझे 'भूल भुलैया 2' के लिए कास्ट किया गया था, तो लोगों ने सवाल किया कि क्या मैं यह फिल्म कर सकता हूं, हमें नहीं पता था कि हम सफल होंगे या नहीं।

**साभार एजेंसी**

# होली से पहले इसरो का देश को तोहफा


# स्पैडेक्स उपग्रह सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया, इससे चंद्रयान-4 और अंतरिक्ष स्टेशन के मिशन का खुला रास्ता

- भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया था
- यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत ईंधन भरने के लिए आधार बनेगा

भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। डॉकिंग-अनडॉकिंग मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होली से पहले इसरो ने देश को बड़ा तोहफा दिया है। इसरो ने स्पैडेक्स उपग्रह की सफलतापूर्वक अनडॉकिंग कर ली है। इसके साथ ही चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, अंतरिक्ष को उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को डॉकिंग और अलग करने की प्रक्रिया को अनडॉकिंग कहते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को कहा कि उसने 'स्पेडेक्स' उपग्रहों को 'अनडॉक' करने (अलग करने) का काम पूरा कर लिया है। इससे चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए रास्ता साफ हो गया है।



### मिशन के फायदे

भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। डॉकिंग-अनडॉकिंग मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है। यह मिशन चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए भी अहम है। यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत, ईंधन भरने, मलबे को हटाने और अन्य के लिए आधार तैयार करेगा। यह तकनीक उन मिशनों के लिए अहम है, जिनमें भारी अंतरिक्ष यान और उपकरण की जरूरत होती है, जिन्हें एक बार में लॉन्च नहीं किया जा सकता।

### 16 जनवरी 2025 को की थी डॉकिंग

इससे पहले 16 जनवरी को भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की थी। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था कि भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है।

### केंद्रीय मंत्री सिंह ने दी बधाई



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने इस कामयाबी के लिए इसरों को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि इसरो टीम को बधाई। यह हर भारतीय के लिए खुशी की बात है। स्पैडेक्स उपग्रहों ने अविश्वसनीय डी-डॉकिंग को पूरा कर लिया गया है। इससे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान समेत भविष्य के महत्वाकांक्षी मिशनों में काफी मदद मिलेगी। इन मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग भी इससे प्रशस्त होगा। पीएम नरेंद्र मोदी का निरंतर संरक्षण इस उत्साह को बढ़ाता है।

### 30 दिसंबर 2024 को शुरू हुआ था

स्पेडेक्स मिशन पिछले साल 30 दिसंबर को शुरू किया गया था, जब इसरो ने अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' प्रयोग का प्रदर्शन करने के लिए दो उपग्रहों - एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था। 'स्पेस डॉकिंग' अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। कई प्रयासों के बाद अंतरिक्ष एजेंसी ने 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों को सफलतापूर्वक 'डॉक' किया था।

## खबर संक्षेप

### चीनियों की चहेती बनीं ट्रंप की सेक्रेटरी लेविट



**बीजिंग।** व्यापारिक तनातनी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस सचिव 27 वर्षीय कैरोलिन लेविट चीन में ऑनलाइन स्टार बन गई हैं। उनके वाइट हाउस में पत्रकारों से बहस के वायरल वीडियो चीन में धूम मचा रहे हैं। अमेरिकी पत्रकारों को बेबाकी से जवाब देते कैरोलीन के वीडियो चीनी सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे हैं। चीनी सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि लेविट की खूबसूरती, आत्मविश्वास और कार्यस्थल पर मजबूती से अपनी बात रखने का तरीका उन्हें प्रेरित कर रहा है।

### फट सकता है सबसे खतरनाक ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** अलास्का के पास स्थित माउंट स्पर ज्वालामुखी में आने वाले हफ्तों या महीनों में विस्फोट होने की संभावना बढ़ गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाल के दिनों में इस ज्वालामुखी में असामान्य गतिविधियां देखी गई हैं। माउंट स्पर में महत्वपूर्ण रूप से बढ़े हुए ज्वालामुखीय गैस उत्सर्जन का पता चला है। इसके अलावा क्रेटर में भी सक्रियता देखी गई है। उपग्रह के आंकड़ों से जमीन की स्थिति देखने के बाद 'माउंट स्पर' के लिए अलर्ट की श्रेणी को 'येलो' तक बढ़ा दिया।

## यूएन में सीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र पर आयोजित कार्यक्रम में बोलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

# महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण, अनुभव को साझा करने को तैयार भारत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत के महिला सशक्तिकरण के साथ ही डिजिटलीकरण की सराहना हुई है। भारत ने एक बार फिर महिलाओं के नेतृत्व में देश के विकास के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) के 69वें सत्र में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत लैंगिक डिजिटल बंटवारे को पाटने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के अपने अनुभव को दुनिया के साथ साझा करना चाहता है। भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है।

भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं। जो भारत के विकास पथ को विकसित राष्ट्र की ओर आकार देती है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और यूएन वूमन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल और वित्तीय समावेशन और महिला सशक्तिकरण के लिए वित्तपोषण - मुख्य संसाधनों की महत्वपूर्णता' पर आयोजित मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग ले रही हैं। महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग का 69वां सत्र 10 मार्च को शुरू हुआ और 21 मार्च तक चलेगा।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं जो भारत के विकास पथ को विकसित राष्ट्र की ओर आकार देती है

1 भारत में महिलाएं तेजी से डिजिटल भुगतान इंटरफेस को अपना रहीं

2 8.73 करोड़ यूपीआई लेन-देन, पिछले साल से 147%




### यूपीआई विकास में भारत का नेतृत्व सराहनीय




यूएन वूमन की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने इंडिया स्टैक और यूपीआई विकसित करने में भारत के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें उन बाधाओं को दूर करना होगा जो महिलाओं को डिजिटल और वित्तीय प्रणालियों से दूर रखती हैं। सरकारों को सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए जो महिलाओं को प्राथमिकता देता है। भारत स्टैक और यूपीआई विकसित करने में भारत का नेतृत्व यह साबित करता है कि जब समावेशन नवाचार के मूल में होता है तो क्या संभव है। उन्होंने कहा कि भारत में हमने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के माध्यम से डिजिटल वित्तीय समावेशन की शक्ति देखी है। डिजिटल भुगतान ने महिलाओं के रोजगार और स्वायत्तता को बढ़ाया है। यह एक वैकल्पिक एजेंडा नहीं है। यह एक बेहतर दुनिया का खाका है। आइए हम साहसी बनें।

### यूपीआई ने लेन-देन प्रणाली को बदला

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव को साझा करने में प्रसन्न है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में विकसित यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने नियमित लेन-देन की प्रणाली को बदल दिया है। पूर्ण डाटा सुरक्षा के क्षेत्र को पूरी तरह से डिजिटल बना दिया है, जिसमें 8.735 करोड़ लेन-देन हुए हैं। यह 147% बढ़ गए हैं। इसमें लिंग, शहरी, ग्रामीण, अमीर और गरीब की बाधाओं को पार कर लिया गया है और महिलाएं तेजी से डिजिटल भुगतान इंटरफेस को अपना रही हैं।

### सुरक्षित डिजिटल वातावरण आवश्यक

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राष्ट्रों को सचेत रहना होगा कि महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन डाटा और गोपनीयता की रक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। आज की तकनीकी दुनिया में प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए विनियमन को संतुलित करने की आवश्यकता है। भारत सरकार जानती है कि महिलाओं की गरिमा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण आवश्यक है।

## 8 दिन का मिशन 9 माह में बदला

# सुनीता विलियम्स की पृथ्वी पर वापसी एक बार फिर टली



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से वापसी एक बार फिर टल गई है। हालांकि, इस बार वजह अंतरिक्ष यान में आई कोई खराबी नहीं है, बल्कि लॉन्च व्हीकल में आए तकनीकी समस्या बना है। इसके चलते आईएसएस पर भेजा जाने वाला स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्चिंग से सिर्फ एक घंटे पहले टाल दिया गया। अब इस मिशन को 14 मार्च को एक बार फिर लॉन्च करने की कोशिश की जाएगी। इसके साथ ही सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में रहने वाला जो मिशन महज 8 दिन में खत्म हो जाना था, उसे अब नौ महीने से ज्यादा हो चुके हैं।

### 5 जून 2024 को गईं थीं

5 जून 2024 को नासा का बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था। इस मिशन के तहत नासा ने अपने दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को आठ दिन की यात्रा पर भेजा। दोनों को स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के जरिए मिशन पर भेजा गया था।

### थ्रस्टर्स के कमजोर प्रदर्शन से टली वापसी

हालांकि, अंतरिक्ष स्टेशन के लिए स्टारलाइनर की उड़ान के दौरान, अंतरिक्ष यान के कुछ थ्रस्टर्स ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। थ्रस्टर्स' आमतौर पर कम फोर्स वाले रॉकेट मोटर्स को कहा जाता है। थ्रस्टर्स के कमजोर प्रदर्शन के अलावा स्टारलाइनर के हीलियम सिस्टम में कई लीक भी देखे गए। इसके बाद नासा और बोइंग ने अंतरिक्ष यान के बारे में व्यापक डेटा विश्लेषण के जरिए जानकारी जुटाई।

# पर्यावरण के अनुकूल जैव-आधारित प्रक्रिया से पानी से दूर होंगे प्रदूषक

## एनआईटी राउरकेला के शोधकर्ताओं का महत्वपूर्ण अनुसंधान, जिससे होगी मनुष्यों, जलीय जीवों और पक्षियों की स्वास्थ्य सुरक्षा

▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) राउरकेला के शोधकर्ताओं ने अपशिष्ट जल में फार्मास्यूटिकल के प्रदूषक तत्वों की रोकथाम की एक अनोखी प्रक्रिया विकसित की है। जिससे मनुष्यों से लेकर मछली, सीप जैसे जलीय जीवों और पक्षियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। यह प्रक्रिया दो चरणों वाली है, जिसमें प्रदूषक तत्वों की रोकथाम के लिए बायोचार एडजार्प्शन और बायोडिग्रेडेशन को आपस में जोड़ा गया है। जिससे एंटीबायोटिक, गैर-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स (एनएसआईडी) जैसे फार्मास्युटिकल कंपाउंड और सिंथेटिक रंगों के प्रदूषक तत्वों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का समाधान हो सकेगा। एनआईटी राउरकेला ने गुरुवार को बताया कि संस्थान की जैव प्रौद्योगिकी और चिकित्सा इंजीनियरिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर.अंगना सरकार के मार्गदर्शन में यह शोध किया गया है। जिसे विज्ञान-इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड और कैडिला फार्मास्युटिकल लिमिटेड (अहमदाबाद) द्वारा वित्तीय मदद के अलावा अन्य जरूरी सहायता प्रदान की गई।

### यूं काम करती है यह प्रक्रिया

प्रक्रिया के पहले चरण में भुने हुए कोको पीट और चावल के भूसे से लिए गए बायोचार एडजॉर्बेंट का उपयोग कर एंटीबायोटिक्स को पकड़ा जाता है। जिससे एंटीबायोटिक प्रदूषण काफी कम हो जाता है। दूसरे चरण में क्लेबसिएला और स्यूडोमोनास स्ट्रेन के साथ ही एक विशेष बैक्टीरिया समूह का उपयोग करते हुए डिक्लोफेनाक, पेरासिटामोल जैसी दवाओं के कंपाउंड और सिंथेटिक रंगों के अवशिष्ट खंडित किए जाते हैं। इसमें प्रदूषक तत्वों (एंटीबायोटिक्स) का पानी से लगभग पूरी तरह से यानी 99.5 फीसदी निष्कासन हो जाता है।

### जैविक पद्धतियों का किया प्रयोग

प्रोफेसर अंगना सरकार ने इस अनुसंधान का महत्व बताते हुए कहा, हमारी नवीन एकीकृत प्रक्रिया एंटीबायोटिक्स, एनएसआईडी और रंगों सहित विभिन्न फार्मास्युटिकल प्रदूषक तत्वों को बाहर निकालने में सफल रही है। ये पूरी तरह से सुरक्षित है। क्योंकि इसमें जैविक पद्धतियों का उपयोग किया गया है। इसमें बायोडिग्रेडिंग बैक्टीरिया सुरक्षित रहते हैं, विषैले बायप्रोडक्ट कम होते हैं व फार्मास्यूटिकल के प्रदूषक तत्वों के पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस ट्रीटमेंट पर करीब 2.6 रुपये प्रति लीटर का खर्च है जो और कम होगा। लेकिन इसके लिए प्रक्रिया का अनुकूलन करना होगा जिसे ट्रीटमेंट की वर्तमान व्यवस्था में तृतीय चरण के रूप में एकीकृत करना होगा।

### प्रदूषित जल के दुष्प्रभाव

संस्थान के मुताबिक, अपशिष्ट जल की वजह से एक ओर भारतीय उपमहाद्वीप में मछली की मृत्यु दर और बाज, गिद्धों की आबादी में गिरावट जैसे मामले सामने आए हैं। वहीं, दूसरी ओर इससे मनुष्यों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे किडनी, लीवर, उच्च रक्तचाप और विकास संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उक्त जल में एंटीबायोटिक की मौजूदगी तो विशेष रूप से चिंताजनक है। मौजूदा दौर में अपशिष्ट जल उपचार की जो विधियां मौजूद हैं। वो इन प्रदूषकों की रोकथाम करने में नाकाम दिखाई पड़ती हैं।

## प्रभु गोविंद के साथ पुष्प होली



**जयपुर।** होली के पावन पर्व पर जयपुर के प्रसिद्ध गोविंद देव जी मंदिर में श्रद्धालुगणों ने प्रभु के दर्शन किए। इस अवसर पर मुख्य पुजारी ने पुष्पों की बरसात कर होली खेली।

## नौसेना के दूसरे बेड़े के सहायक जहाज के निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

# 2027 से की जाएगी नौसेना के जंगी बेड़े में तैनाती

▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के दूसरे बेड़े के सहायक जहाज का निर्माण कार्य कट्टुपल्ली स्थित लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के शिपयार्ड में शुरू हो गया है। जहाज की कुल विस्थापन क्षमता 40 हजार टन से अधिक है। यह अपने साथ ईंधन, पानी, गोलाबारूद और भंडार लेकर जाएंगे। जिससे समुद्र में लंबे समय से बल का संचालन संभव हो सकेगा और बल की युद्धक क्षमता भी बढ़ेगी।

नौसेना ने गुरुवार को बताया वर्ष 2023 में उसने कुल 5 सहायक जहाजों के निर्माण के लिए हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जिसके तहत जहाजों की डिलीवरी 2027 से शुरू की जानी है। यहां बता दें कि एचएसएल ने देश की जहाज निर्माण क्षमता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और तय समयसीमा तक जहाजों की नौसेना को डिलीवरी करने के लिए मेसर्स एलएंडटी शिपयार्ड के साथ दो जहाजों के निर्माण का अनुबंध किया। इसके बाद ही एलएंडटी में उक्त जहाज के निर्माण कार्य का आगाज हुआ है। सहयोगी जहाजों की मदद से प्राकृतिक आपदाओं के दौरान कर्मियों को निकालने, राहत सामग्री के त्वरित वितरण के लिए मानवीय सहायता और आपदा राहत संचालन जैसी गतिविधियों को भी आसानी से पूरा किया जा सकेगा।



### पूरी तरह से स्वदेशी होंगे यह जहाज

नौसेना ने कहा कि इन जहाजों का डिजाइन स्वदेशी है और इनमें लगने वाले अधिकांश उपकरणों की सोर्सिंग भी स्वदेशी निर्माताओं की मदद से की गई है। यह परियोजना देश में जहाज निर्माण उद्योग को बढ़ावा देगी। इसके अलावा इससे केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान को भी मजबूती मिलेगी। जहाज निर्माण की प्रक्रिया की शुरुआत के दौरान नौसेना के वाइस एडमिरल राजाराम स्वामीनाथन (युद्धपोत उत्पादन और अधिग्रहण नियंत्रक) और एचएसएल व एलएंडटी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए बंगाल की खाड़ी में संपन्न हुआ

# भारत-बांग्लादेश की नौसेना का बोंगोसागर युद्धाभ्यास

▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल ढाका में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद बने हुए चुनौतीपूर्ण सुरक्षा माहौल और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों के बीच भारत-बांग्लादेश की नौसेनाओं ने 'बोंगोसागर-2025' नामक युद्धाभ्यास और समन्वित गश्त को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। जिसमें भारत की तरफ से नौसेना का आईएनएस रणवीर जंगी युद्धपोत शामिल हुआ। जबकि बीएनएस अबू उबैदाह ने बांग्लादेश की नौसेना का नेतृत्व किया। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि इस सप्ताह संपन्न हुए युद्धाभ्यास और समन्वित गश्त की मदद से दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच समुद्र में आपसी अंतर-संचालन क्षमता बढ़ेगी। साथ ही साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियों के लिए एकजुटता से प्रतिक्रिया करना संभव हो सकेगा।



### इन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया

नौसेना ने कहा कि बोंगोसागर युद्धाभ्यास के दौरान कई प्रकार के जटिल समुद्री अभियानों का अभ्यास किया गया। इसमें सतही फायरिंग, टेक्टिकल मैनुवर्स, युद्धाभ्यास के दौरान युद्धपोत की जरूरतें पूरा करने समेत एक-दूसरे के युद्धपोत का दौरा, संचार ड्रिल्स और व्यवसायिक विषयों पर कनिष्क अधिकारियों के लिए क्विज का आयोजन मुख्य रूप से शामिल हैं।

### नीति निर्माण में सहायक होगा युद्धाभ्यास

बोंगोसागर युद्धाभ्यास ने भारत और बांग्लादेश की नौसेनाओं को एक निकट योजना बनाने का अवसर प्रदान किया है। इससे समुद्री अभियानों का सहजता के साथ संचालन करने के लिए समन्वय और सूचना का आदान-प्रदान करना भी आसान हो जाएगा। युद्धाभ्यास दोनों नौसेनाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने और समन्वय को मजबूती प्रदान करने में सहायक होगा। जिससे दोनों समुद्री बल समन्वित अभियानों के जरिए समुद्र में उभरते हुए खतरों का तेजी से मुकाबला करने में सक्षम बनेंगे। दोनों नौसेनाओं के बीच बढ़ता समन्वय भारत और बांग्लादेश के वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले के लिए प्रदर्शित की गई साझा प्रतिबद्धता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,